RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 80 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,बुधवार, 16 सितंबर 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

## गुरुग्राम में लेडी बाइकर को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

- राजस्थान से पकड़ा गया, पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा भी लगाई

**पलवल/गुरुग्राम (एजेंसी)।** गुरुग्राम में लेडी बाइकर को कार से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी कल्याण बैंसला को गिरफ्तार कर लिया है। उसे एक दोस्त लवनीश के साथ राजस्थान के दौसा से पकड़ा गया है। दौसा पुलिस ने इसकी पुष्टि की। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या



के प्रयास की धारा बीएनएस 109 भी जोड़ी है। पहले सेक्टर-56 थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए बीएनएस 281 और चोट पहुंचाने के आरोप में बीएनएस 125 के तहत केस दर्ज किया गया था। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कार चलाने वाले कल्याण बैंसला को दबोच लिया है।

### भारतीय एजेंसियों को रिपोर्ट करेगा, सरकार से बातचीत के बाद रजामंदी

# बच्चों से जुड़े यौन शोषण के सभी मामलों की जानकारी देगा मेटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेक कंपनी मेटा ने बच्चों के यौन शोषण और उनकी सुरक्षा से जुड़े दूसरे मामलों की जानकारी देने पर सहमति जताई है। यह जानकारी संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दी जाएगी। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह सहमति केंद्र सरकार और मेटा की ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर हानिकारक कंटेंट पर रोक लगाने को लेकर जारी बातचीत में बनी है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत में काम करने वाले किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा जरूरी है। इस मामले में कोई समझौता नहीं किया जा सकता। सरकार ने यह भी साफ किया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए खुद से जरूरी कदम नहीं उठाने वाले प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




### दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से बातचीत जारी

सरकार दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ भी बातचीत कर रही है। इन प्लेटफार्म्स और ऑनलाइन इंटरमीडियरीज से भी बच्चों से जुड़े हानिकारक कंटेंट की पहचान कर उसे हटाने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा जा रहा है। 19 सितंबर को मेटा के प्रतिनिधि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के कार्यालय पहुंचे थे। आयोग ने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और मेटाके प्रमुख को चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन एंड एब्यूज मटेरियल से जुड़े कथित विज्ञापनों की जांच के सिलसिले में तलब किया था। मेटा ने 3 जुलाई 2026 को एक मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया था। रिपोर्ट में मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म्स पर कंपनी से जुड़े कथित विज्ञापनों का जिक्र था।

# 42,490 करोड़ के काम 2031 तक जारी रहेंगे

### कैबिनेट की बैठक में फैसला, सिंचाई परियोजनाओं को भी हरी झंडी

**भोपाल।** भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि कैबिनेट ने 42,490 करोड़ के कार्यों को वर्ष 2031 तक जारी रखने का निर्णय लिया है। इसमें 13,000 करोड़ से अधिक की सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं। बैठक में स्कूलों के उन्नयन के साथ उनके लिए पद स्वीकृत करने सहित अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। आदिवासी शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से नियमित वेतनमान जनजातीय कार्य विभाग के प्रस्ताव पर वर्ष 1973-74 से 1997-98 तक नियुक्त उप शिक्षक, उपशाला शिक्षक, प्रशिक्षण शिक्षक, कनिष्ठ बोर्ड से चयनित शिक्षक, ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के तहत नियुक्त शिक्षक और सहायक शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से नियमित वेतनमान देने को मंजूरी दी गई। इसके साथ एरियर राशि के भुगतान को भी स्वीकृति दी गई। चार हाई स्कूलों के पद स्वीकृत जनजातीय कार्य विभाग के प्रस्ताव पर वर्ष 2016-17 में माध्यमिक शालाओं के उन्नयन के तहत चार हाई स्कूलों के पदों की स्थिति तय करने को मंजूरी दी गई। दो सिंचाई परियोजनाओं को जारी रखने की मंजूरी जल संसाधन विभाग के प्रस्ताव पर चंदेरी माइक्रो सिंचाई परियोजना को लगातार जारी रखने और गोंड वृहद सिंचाई परियोजना को वर्ष 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई। ये परियोजनाएं 13,000 करोड़ से अधिक की हैं।



## संजय झा के नए पैंतरे ने बिहार में किया 'खेला'

### बढ़ाई सहयोगियों की धड़कनें, सियासी हलचल तेज

**पटना (एजेंसी)।** एनडीए की राजनीति में इन दिनों मतभेद के जरिए कुछ अलग दिखने की कवायद बड़ी गंभीरता के साथ की जा रही है। इसमें एनडीए के छोटे दल तो हैं हीं, बड़े दल भी शामिल हो गए हैं। सबसे दिलचस्प तो ये है कि जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा एंड टीम मतभेद खड़ा

## 2,000 तक यूपीआई पेमेंट पर नहीं लगेगा चार्ज

- मोदी सरकार का आदेश, देश में 55 करोड़ यूजर हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपीआई से 2,000 तक पेमेंट करने पर ग्राहक से किसी तरह की फीस नहीं ली जा सकती। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर यह स्थिति साफ कर दी। अब 2,000 तक के यूपीआई पेमेंट पर बैंक या पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर कोई डायरेक्ट या इनडायरेक्ट चार्ज नहीं लगा सकेंगे। रूपे डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस छूट में शामिल किया गया है। दरअसल, अगस्त में संसद से टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2026 पास होने के बाद यूपीआई पेमेंट पर चार्ज को लेकर चर्चा शुरू हुई थी। आशंका थी कि 2,000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाया जा सकता है। इससे बड़े पेमेंट लेने वाले दुकानदारों और कारोबारियों की लागत बढ़ सकती थी।



## अन्नदाताओं की आमदनी बढ़ाना ही सरकार का लक्ष्य

### सीएम बोले-खेती में नवाचार की नई कहानी लिख रहे हैं दमोह जिले के किसान

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान एवं ज्वार-बाजरा के उपार्जन के लिए पंजीयन शुरू

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दमोह जिले ने बीते कुछ वर्षों में खेती-किसानी में एक अलग ही पहचान बना ली है। बुंदेलखंड की वीरभूमि, धर्म, संस्कृति और आस्था की धरती को नमन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां से मोह न छूटे, वो अपना दमोह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। अन्नदाताओं की आमदनी बढ़ाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। खेत से लेकर बाज़ार तक और खाद से लेकर किसानों के खातों तक हम पक्की और स्थायी व्यवस्थाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा अपने परिश्रम से उत्पादित अनाज का एक-एक दाना हमारे लिए भगवान के प्रसाद समान है। हमारे लिए अन्न का दाना-दाना अनमोल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान और ज्वार-बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन मंगलवार, 15 सितम्बर से प्रारंभ हो गया है। यह काम 10 अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय से दमोह जिले में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार तथा अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई ने मंत्रालय में हुई वीसी से बलराम कृषि महोत्सव में सहभागिता की।



**हमारी सरकार अन्नदाताओं के साथ** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दमोह जिले के किसानों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि हमारी सरकार अन्नदाताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। हर सुख-दुख में हम सब हमेशा किसानों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से फसल विविधीकरण, नई तकनीक, नवाचार, उद्यानिकी अपनाने की अपील की।

## एनडीए के 3 सहयोगी दलों ने यूसीसी का किया समर्थन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनडीए के 3 सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी, शिंदे गुट की शिवसेना और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने समान नागरिक संहिता के समर्थन की बात कही है। वहीं, बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि वह राज्य में यूसीसी लागू नहीं होने देगा। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने 13 सितंबर को कहा था कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी-एनडीए शासित 21 राज्यों में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा। फिलहाल देश में 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है। इनमें उत्तराखंड में जनवरी 2025 से यूसीसी लागू है। यानी बाकी 21 राज्यों में इसे लागू करने का लक्ष्य है। गुजरात, असम और मध्य प्रदेश में बिल पास हो चुका है। अब इन राज्यों में राष्ट्रपति की मंजूरी और अधिसूचना जारी होने का इंतजार है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ ने यूसीसी का कानून तैयार करने के लिए समितियां गठित की हैं।

## अयोध्या राम मंदिर में होगी स्नाइपरों की तैनाती

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी सरकार ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर समेत हाईकोर्ट, लोकभवन, रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम व मेट्रो स्टेशनों जैसे संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्नाइपरों की तैनाती की जाएगी। शासन ने नए सुरक्षा प्लान के तहत तीन स्नाइपर राइफल खरीदने को मंजूरी दी है। एक रायफल की कीमत 10.76 लाख रुपये है। उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल और प्रशिक्षित स्नाइपर्स को राम मंदिर परिसर में तैनात किया जाएगा। साथ ही निगरानी के लिए 14 टेलीस्कोपिक सर्च मिरर भी खरीदे जाएंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार ने जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को दिए गए पुराने हथियारों को बदलने का भी फैसला किया है। सांसदों व विधायकों की सुरक्षा में तैनात महिला वाहिनियों को स्वचलित असलहे देने का निर्णय लिया गया है।

## गुरुग्राम में लेडी बाइकर को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**पलवल/गुरुग्राम (एजेंसी)।** गुरुग्राम में लेडी बाइकर को कार से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी कल्याण बैंसला को गिरफ्तार कर लिया है। उसे एक दोस्त लवनीश के साथ राजस्थान के दौसा से पकड़ा गया है। दौसा पुलिस ने इसकी पुष्टि की। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा बीएनएस 109 भी जोड़ी है। पहले सेक्टर-56 थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए बीएनएस 281 और चोट पहुंचाने के आरोप में बीएनएस 125 के तहत केस दर्ज किया गया था। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कार चलाने वाले कल्याण बैंसला के दो दोस्त निंदर और प्रमोद को हिरासत में लिया है। निंदर हादसे वाले दिन 13 सितंबर को कल्याण को पलवल से लेकर आया था, जबकि प्रमोद पर उसे गांव से भगाने का आरोप है। कार की टक्कर से सड़क पर गिरी लेडी बाइकर शिवानी चौहान उर्फ सिया दिल्ली की रहने वाली हैं। शिवानी ने फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया है। वह साल 2022 में कालकाजी से चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

## संजय झा के नए पैंतरे ने बिहार में किया 'खेला'

**पटना (एजेंसी)।** एनडीए की राजनीति में इन दिनों मतभेद के जरिए कुछ अलग दिखने की कवायद बड़ी गंभीरता के साथ की जा रही है। इसमें एनडीए के छोटे दल तो हैं हीं, बड़े दल भी शामिल हो गए हैं। सबसे दिलचस्प तो ये है कि जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा एंड टीम मतभेद खड़ा करने की नई-नई वजह तैयार करने में लगी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जैसे ही वर्ष 2029 तक सभी राज्यों (समान नागरिक संहिता) यूसीसी लागू करने की घोषणा की, लालू स्कूल के प्रोडक्ट जदयू नेताओं में खलबली मच गई। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि उनकी पार्टी ने संसद में यूसीसी बिल का समर्थन किया था, लेकिन तभी ये साफ कर दिया था कि इसे अपने राज्य (बिहार) में लागू नहीं किया जाएगा।

## 17 से 19 सितंबर : तीन दिन, तीन बड़े चेहरे... युवाओं पर नजर

### राहुल के 'छात्रों की गूंज' से पहले भाजपा-आरएसएस के कार्यक्रम, 2028 की चुनावी जमीन तैयार करने की कवायद?

**इंदौर।** 19 सितंबर को राहुल गांधी इंदौर में युवाओं से संवाद करेंगे। कांग्रेस के मुताबिक, उनके 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए डेढ़ लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। राहुल के कार्यक्रम से पहले भाजपा और आरएसएस के भी लगातार तीन दिनों तक प्रदेश में बड़े आयोजन हैं। ऐसे में 17 से 19 सितंबर के बीच होने वाले इन कार्यक्रमों ने प्रदेश की सियासत में युवाओं को लेकर मुकाबला तेज कर दिया है। 17 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मध्यप्रदेश के अपने पहले दौरे पर उज्जैन पहुंचेंगे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हो रहे भाजपा के राष्ट्रव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसी दिन उज्जैन में शिप्रा किनारे दीपोत्सव का आयोजन प्रस्तावित है।

18 सितंबर को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उज्जैन में 'युवा धर्म संसद' को संबोधित करेंगे। इसके अगले ही दिन 19 सितंबर को राहुल गांधी इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के जरिए युवाओं से संवाद करेंगे।

भाजपा का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा 'सेवा संकल्प अभियान' का हिस्सा है और इसका राहुल गांधी के कार्यक्रम से कोई सीधा संबंध नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी इसे पार्टी के निर्धारित कार्यक्रमों से जोड़ चुके हैं। हालांकि राजनीतिक हलकों में तीनों



17 सितंबर | उज्जैन — 18 सितंबर | उज्जैन — 19 सितंबर | इंदौर

आयोजनों की नजदीकी तारीखों को अलग नजरिए से देखा जा रहा है।

**युवाओं पर क्यों बढ़ा फोकस?-** राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, युवाओं के बीच बढ़ती राजनीतिक सक्रियता ने सभी दलों का ध्यान इस वर्ग की ओर खींचा है। नई पीढ़ी लगातार मतदाता सूची में जुड़ रही है और युवाओं से जुड़े मुद्दे राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आ रहे हैं। ऐसे में भाजपा संगठनात्मक स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है, वहीं कांग्रेस 'छात्रों की गूंज' जैसे कार्यक्रमों के जरिए युवाओं से सीधा संवाद बढ़ा रही है। मध्यप्रदेश में 2027 में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव तथा 2028 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। लिहाजा अगले दो चुनावों को देखते हुए युवाओं के बीच अभी से राजनीतिक जमीन तैयार करने की कवायद शुरू होना स्वाभाविक माना जा रहा है।

**सिर्फ तीन कार्यक्रम नहीं, बड़ी तैयारी का संकेत-** 17 से 19 सितंबर के बीच होने वाले कार्यक्रमों को केवल नेताओं के दौरे के तौर पर देखने के बजाय प्रदेश की आगामी चुनावी राजनीति के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। भाजपा जहां संगठन और सेवा अभियानों के जरिए अपनी पहुंच बढ़ा रही है, वहीं कांग्रेस युवाओं के मुद्दों और प्रत्यक्ष संवाद के जरिए अपना आधार मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

तीन दिन, तीन बड़े चेहरे

17 सितंबर 7 उज्जैन

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का मध्यप्रदेश का पहला दौरा और दीपोत्सव कार्यक्रम।

18 सितंबर 7 उज्जैन

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 'युवा धर्म संसद' में युवाओं को संबोधित करेंगे।

19 सितंबर 7 इंदौर

राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में युवाओं से संवाद करेंगे। कांग्रेस के मुताबिक डेढ़ लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

तीन दिन के ये कार्यक्रम भले अलग-अलग मंचों पर हों, लेकिन संदेश एक है—मध्यप्रदेश की राजनीति में युवा अब किसी भी दल के लिए नजरअंदाज करने वाला वोट बैंक नहीं रहा।

### 137 साल पुराने स्टेशन पर न कभी टिकट खिड़की बनी न ही पैसेंजर सर्विस

# जल्द खत्म होगा खूबसूरत भदभदा घाट रेलवे आउटपोस्ट का वजूद

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और विदिशा के बीच स्थित ऐतिहासिक और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर भदभदा घाट रेलवे आउटपोस्ट अब अपने अस्तित्व के एक नए और अंतिम दौर में पहुंच गया है। भारतीय रेलवे द्वारा झांसी-भोपाल ब्रॉड-गेज लाइन पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद इस सदी पुराने रेलवे आउटपोस्ट की परिचालन भूमिका हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी।

इस बदलाव के बाद इस सुरम्य रेलवे लैंडमार्क पर तैनात रहने वाले स्टेशन और केबिन स्टाफ की जरूरत भी खत्म हो जाएगी, जो लंबे समय से रेल प्रेमियों और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है।




**ब्रिटिश काल से जुड़ा है इतिहास, नहीं होती थी पैसेंजर बुकिंग-** भदभदा घाट का यह रेलवे ट्रैक और आउटपोस्ट एक सदी से भी अधिक पुराना है, जिसकी शुरुआत ब्रिटिश शासनकाल के दौरान वर्ष 1889 में हुई थी। आम रेलवे स्टेशनों के विपरीत इस स्थान पर कभी भी यात्रियों के लिए टिकट जारी नहीं किए गए और न ही यहां कोई पैसेंजर सुविधाएं उपलब्ध थीं।

### कैसे काम करती थी पुरानी व्यवस्था और क्या बदलेगा

मौजूदा मैनुअल प्रणाली के तहत, स्टेशन मास्टर और केबिन स्टाफ सिग्नलों का संचालन करते थे और पिछली ट्रेन के होम सिग्नल से कम से कम 400 मीटर आगे निकल जाने के बाद ही लाइन क्लियर का सिग्नल देते थे। भोपाल रेलवे डिविजन के पीआरओ नवल अग्रवाल ने पुष्टि की है कि इस प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। ब्रिटिश काल में 1889 में शुरू हुआ भदभदा घाट आउटपोस्ट अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध था। भोपाल रेलवे डिविजन द्वारा आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम लगाए जाने से मैनुअल स्टाफ की जरूरत खत्म होगी। इस आउटपोस्ट पर कभी पैसेंजर टिकट काउंटर या यात्री सुविधाएं नहीं थीं, यहां केवल ऑपरेशनल स्टॉप होते थे।

## मनोज जरांगे मराठा आरक्षण के लिए जालना से मुंबई रवाना

- आजाद मैदान में प्रदर्शन की परमीशन नहीं, 3 साल में 11वां अनशन

**जालना/मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे मंगलवार सुबह मुंबई के लिए रवाना हो गए। हालांकि, मुंबई पुलिस ने उन्हें आजाद मैदान में प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी है। जरांगे पिछले 17 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। ये उनका पिछले तीन साल में 11वां अनशन है। उनकी मांग है कि जिन मराठों के कुनबी जाति से जुड़े वंशावली रिकॉर्ड हैं, उन्हें ओबीसी आरक्षण का लाभ दिया जाए। जरांगे पहले महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों से बड़ी संख्या में मराठा लोगों को मुंबई ले जाने वाले थे, लेकिन पुलिस की सख्ती और सुरक्षा व्यवस्था के कारण वे अब 5 से 10 ग्रुप्स के साथ मुंबई जा रहे हैं।



**जरांगे बोले- मांग पूरी होने तक वे पीछे नहीं हटेंगे-** मुंबई रवाना होते समय जरांगे ने कहा कि उनके लिए मराठा समाज सबसे ऊपर है और आरक्षण की मांग पूरी होने तक वे पीछे नहीं हटेंगे। जरांगे ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले का हवाला दिया, जिसमें अदालत ने उन्हें मुंबई में प्रदर्शन करने से रोकने से इनकार किया था।

ANTF का ऑपरेशन विषधरासीम

# कश्मीर के अनंतनाग से 17 साल से फरार 25 हजार का इनामी तस्कर हाजी दबोचा

## झारखंड और मणिपुर के बाद अब कश्मीर की घाटी में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की दिलेर धमक

### बाईक राइडर और चरवाहे बन टीम ने अनंतनाग में 3 दिन रखा डेरा; J&K पुलिस के सहयोग से सीज किया चरस सप्लाई का नेटवर्क

स्मार्ट हलचल



**जयपुर।** नशे के सौदागरों के खिलाफ राजस्थान पुलिस की कार्रवाई अब प्रदेश की सीमाओं से निकलकर देश के दूर-दराज इलाकों तक पहुंच रही है। राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने चरस तस्करी के एक बड़े सूत्रधार को कश्मीर की वादियों से दबोचा है। 'ऑपरेशन विषधरासीम' के तहत एएनटीएफ ने अनंतनाग में कार्रवाई करते हुए 17 साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी तस्कर शबीर अहमद खान उर्फ हाजी पुत्र शाबान खान निवासी अनंतनाग जम्मू-कश्मीर को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ श्री विकास कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री दिनेश एमएन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में की गई। आरोपी के संबंध में पुलिस अधीक्षक जीआरपी जोधपुर द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लंबे समय से फरार आरोपी अनंतनाग, जम्मू-कश्मीर में रहकर पुलिस की पकड़ से बच रहा था।

**2009 में ट्रेन से पकड़ी चरस की खेप ने खोली थी कश्मीर से गुजरात तक फैले नेटवर्क की परतें**

वर्ष 2009 में दिल्ली से अहमदाबाद जा रही एक ट्रेन में चरस की बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद राजस्थान पुलिस को कश्मीर से गुजरात तक फैले नशे के नेटवर्क की जानकारी मिली थी। इस नेटवर्क का एक प्रमुख सूत्रधार अनंतनाग में बैठा हाजी उर्फ शबीर अहमद था। पुलिस कार्रवाई की भनक लगने के बाद आरोपी फरार हो गया और अनंतनाग तथा आसपास के इलाकों में लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। कभी ससुराल तो कभी रिश्तेदारों के यहां रहकर उसने करीब 17 साल तक राजस्थान पुलिस की गिरफ्त से खुद को दूर रखा।

**पिता से सीखा चरस का कारोबार, एमआर की नौकरी से बनाए ग्राहक**

शबीर अहमद के पिता सिविल कॉन्ट्रेक्टर का काम करते थे और इसके साथ चरस के अवैध कारोबार से भी जुड़े थे। पिता के संपर्क में रहते हुए शबीर कम उम्र में ही इस अवैध धंधे से जुड़ गया। शुरुआती दौर में शबीर ने मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) के रूप में काम किया। दवाइयों की सप्लाई के दौरान आसपास के मेडिकल स्टोर संचालकों और अन्य लोगों से उसकी पहचान बढ़ी। इसी दौरान वह चरस के ग्राहकों के संपर्क में आया और धीरे-धीरे चरस की व्यवस्था कर उसे ग्राहकों तक पहुंचाने लगा।

**इलेक्ट्रीशियन ठेकेदार का ए-क्लास कार्ड बनवाकर राजस्थान तक फैलाया नेटवर्क**

चरस के कारोबार से मोटी कमाई होते देख आरोपी ने अपना नेटवर्क कश्मीर से बाहर दूसरे राज्यों तक फैलाने की योजना बनाई। इसके लिए उसने इलेक्ट्रीशियन ठेकेदार का ए-क्लास कार्ड बनवाया और बाहरी कंपनियों के ठेके लेने शुरू किए। इसी क्रम में उसने राजस्थान में भी एक कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट लिया। ठेके के काम के दौरान दूसरे राज्यों के लोगों से उसकी जान-पहचान बढ़ी और उसने इन संपर्कों का इस्तेमाल तस्करी का नेटवर्क खड़ा करने में किया। इसके बाद वह राजस्थान सहित अन्य राज्यों के तस्करों के संपर्क में आया और बड़ी मात्रा में चरस की सप्लाई करने लगा।

**धारा 370 हटने के बाद बदला तस्करी का तरीका**

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद चरस की खेती और स्थानीय कारोबार पर पुलिस की सख्ती बढ़ी, जिससे उसका स्थानीय स्तर का कारोबार प्रभावित हुआ। इसके बाद उसने स्थानीय स्तर की गतिविधियों के बजाय बाहरी राज्यों में बड़ी खेप में चरस पहुंचाने पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया।

**17 साल बाद फिर सामने आया हाजी का नाम**

एएनटीएफ द्वारा लंबे समय से फरार इनामी अपराधियों के संबंध में लगातार आसूचना संकलित की जा रही थी। इसी दौरान चरस तस्करी के पुराने नेटवर्क से जुड़े हाजी उर्फ शबीर अहमद के कश्मीर में सक्रिय होने की जानकारी सामने आई। एएनटीएफ ने जीआरपी आबूरोड पुलिस से संपर्क कर आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई। स्थानीय स्तर पर पता चला कि आरोपी करीब 17 वर्षों से फरारी काट रहा है और पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलता रहा है।

**कभी बाइक राइडर, कभी चरवाहे बने जवान**

आरोपी की तलाश आसान नहीं थी। एएनटीएफ की टीम जयपुर से अनंतनाग पहुंची और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप गोपनीय तरीके से आसूचना विकसित करना शुरू किया। कभी टीम बाइक राइडर बनकर इलाके में घूमी तो कभी भेड़-बकरियां चराने वालों के बीच रहकर आरोपी के बारे में जानकारी जुटाती रही। टीम ने आरोपी के घर के आसपास लगातार निगरानी रखी। इलाके की घाटियों और आसपास की दुकानों पर बैठकर उसके आने-जाने और संपर्कों के बारे में जानकारी जुटाई गई। इसी दौरान स्थानीय सूत्रों से पता चला कि हुलिये से मिलता-जुलता एक व्यक्ति ग्रे रंग की 800 कार से आता-जाता है।

**तीन दिन की निगरानी के बाद मिला ठिकाना**

टीम ने संदिग्ध ठिकाने और आपूर्ति केंद्र के आसपास करीब तीन दिन तक लगातार निगरानी रखी। आखिरकार सूचना के मुताबिक ग्रे रंग की 800 कार वहां आती दिखाई दी। टीम ने बाइक से कार का पीछा किया। कार आरोपी हाजी उर्फ शबीर अहमद के घर के बाहर जाकर रुकी और उसमें से एक व्यक्ति उतरकर घर के अंदर चला गया। टीम ने उसकी गतिविधियों की पुष्टि करने के बाद तत्काल स्थानीय पुलिस से संपर्क किया।

**जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से घर पर दबिश, दबोचा गया 17 साल पुराना फरार**

एएनटीएफ टीम ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को मौके पर बुलाकर पूरी जानकारी साझा की। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी के घर पर दबिश दी गई और शबीर अहमद खान उर्फ हाजी को घर से दबोच लिया गया। पकड़े जाने के बाद आरोपी इस बात से हैरान था कि आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र का फायदा उठाकर वह इतने वर्षों से राजस्थान पुलिस की गिरफ्त से बचता रहा, लेकिन राजस्थान एएनटीएफ उसके ठिकाने तक पहुंच गई। आरोपी ने पूछताछ के दौरान एएनटीएफ प्रमुख से मुलाकात की इच्छा भी जताई।

**जम्मू-कश्मीर पुलिस का रहा अहम सहयोग**

आईजी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान और संभावित ठिकाने की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर जम्मू-कश्मीर पुलिस का सहयोग लिया गया। सूचना मिलते ही जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तत्परता से एएनटीएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में सहयोग किया। स्थानीय पुलिस के अनुभव, त्वरित सहयोग और समन्वित कार्रवाई के चलते 17 वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी चरस तस्कर को सुरक्षित रूप से दस्तयाब करने में सफलता मिली। एएनटीएफ द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस उसके पुराने नेटवर्क, राजस्थान एवं अन्य राज्यों में उसके संपर्कों तथा चरस तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# पंचायती राज संस्थाओं की लॉटरी प्रक्रिया टली-नई तारीखों का होगा ऐलान,

## 17 व 18 सितंबर को प्रस्तावित जिला एवं उपखंड स्तर की आरक्षण लॉटरी नगरीय निकाय चुनाव के चलते टली

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनाव को लेकर प्रस्तावित आरक्षण/लॉटरी प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी गई है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के उपायुक्त एवं उप शासन सचिव (प्रथम) जसवंत सिंह ने मंगलवार, 15 सितम्बर को राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव की जानकारी दी है। विभागीय पत्र के अनुसार जिला स्तर पर जिला परिषद सदस्य, प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्य के आरक्षण की लॉटरी 17 सितंबर 2026 तथा उपखंड स्तर पर सरपंच एवं वार्ड पंच के आरक्षण की लॉटरी 18 सितंबर 2026 को निकाली जानी प्रस्तावित थी। विभाग ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के चुनाव का कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्रों की समीक्षा 17 सितंबर, चुनाव चिह्न आवंटन 18 सितंबर, मतदान 21 सितंबर तथा उपाध्यक्ष पद के चुनाव 22 सितंबर 2026 को निर्धारित हैं। समस्त जिला कलेक्टरों ने अवगत कराया है कि नगरीय निकाय चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं की लॉटरी की प्रक्रिया एक साथ होने से प्रशासनिक स्तर पर परेशानी उत्पन्न होगी। इसी को देखते हुए 17 एवं 18 सितंबर को प्रस्तावित पंचायती राज संस्थाओं की लॉटरी को आगे बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इसके बाद पंचायती राज विभाग ने स्पष्ट किया है कि लॉटरी की नई तारीखें निर्धारित होने के बाद जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को अलग से सूचित किया जाएगा। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी पंचायती राज आम चुनाव 2026 से संबंधित गतिविधियां प्रदर्शित की जा रही हैं।

**खबर का असर:**

पंचायती राज चुनाव की तैयारी कर रहे संभावित उम्मीदवारों की निगाह अब आरक्षण लॉटरी की नई तारीख पर टिकी है। नई तारीख घोषित होने के बाद जिला परिषद, पंचायत समिति, सरपंच एवं वार्ड पंच पदों की आरक्षण स्थिति स्पष्ट होगी।

मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, दो चोरी की बाइक बरामद

# सीसीटीवी फुटेज से आरोपी तक पहुंची जैतारण पुलिस, चोरी की दो मोटरसाइकिलें जब्त

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर/जैतारण।** पुलिस थाना जैतारण ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देश पर संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी जैतारण रमेन्द्र सिंह हाड़ा के सुपरविजन में थानाधिकारी नरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने प्रकरण की जांच के दौरान लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में मिले हुलिए के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। मुखबिर सूचना एवं पुलिस के पारंपरिक तरीकों से तलाश करते हुए राहुल सिंगारिया पुत्र बगदाराम, उम्र 28 वर्ष, निवासी रेगरों का छोटा बास, जैतारण को दस्तयाब कर अनुसंधान के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 4 सितंबर 2026 की रात जैतारण बस स्टैंड के पास श्याम होटल के निकट खड़ी मोटरसाइकिल आरजे 22 यूएस 7194 अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। इस संबंध में थाना जैतारण में प्रकरण संख्या 404/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने प्रकरण में चोरी गई मोटरसाइकिल आरजे 22 यूएस 7194 बरामद की। इसके अलावा एक अन्य मोटरसाइकिल आरजे 01 ईएस 5200 को भी धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया।


**पुलिस टीम -** कार्रवाई में थानाधिकारी नरेश कुमार शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक मोहनलाल, हैड कांस्टेबल संजय (नंबर 87), कांस्टेबल प्रहलाद (नंबर 470), कांस्टेबल धर्मेन्द्र (नंबर 439), कांस्टेबल मनोहरलाल (नंबर 714) एवं कांस्टेबल अशोक (नंबर 638) शामिल रहे।

# बंद मकान में चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध

## पड़ोसियों के जागने पर वारदात छोड़कर भागे चोर, चोरी की बाइक से पहुंचे थे

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर के नंद नगर गली नंबर 4 स्थित आर.के. विला में देर रात अज्ञात चोरों ने बंद मकान में चोरी का प्रयास किया। चोरों की संदिग्ध गतिविधियां मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईं। जानकारी के अनुसार मकान पिछले 3-4 महीनों से बंद पड़ा है और मकान मालिक बाहर रहते हैं। देर रात संदिग्ध चोर चोरी की बाइक पर सवार होकर मकान के पास पहुंचे और वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। इसी दौरान पड़ोसियों को कुछ संदिग्ध गतिविधियों की भनक लग गई। पड़ोसियों के जागने पर चोर वारदात को अंजाम दिए बिना मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित केशव कंजानि ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध चोरों की पहचान और तलाश की जा रही है।



सूने मकान में नकबजनी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

# 15 तोला सोना व 500 ग्राम चांदी के जेवर चोरी करने वाले मुख्य आरोपी समेत खरीदार पुलिस गिरफ्त में, 8.50 लाख का माल बरामद

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** रायपुर थाना पुलिस ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की वारदात का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी समेत चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 57.48 ग्राम सोना और 150 ग्राम चांदी के आभूषण, कुल करीब 8.50 लाख रुपए का माल बरामद किया है। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं रायपुर वृताधिकारी बंशीलाल पांडर के सुपरविजन में थानाधिकारी राजूराम सीरवी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को निशा मीणा ने रिपोर्ट दी कि रायपुर स्थित उनके किराये के मकान का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर मकान का सामान अस्त-व्यस्त मिला। अलमारी से दो सोने के हार, दो मंगलसूत्र, टॉप्स की जोड़ी, चार जोड़ी पायल, दो सोने की अंगूठियां सहित करीब 15 तोला सोना और 500 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी मिले। इस पर रायपुर थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के बीटीएस लेने के साथ मोबाइल फोरेंसिक यूनिट अजमेर से निरीक्षण करवाया और 15 से 20 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के आधार पर पुलिस ने आरोपी अनिलसिंह उर्फ धाकड़िया पुत्र शेरसिंह रावत (25), निवासी मानावास कोटड़ा, थाना जवाजा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने पहले मकान की रैकी की और रात करीब एक बजे नकाब पहनकर वारदात को अंजाम दिया। अनिलसिंह की निशानदेही पर चोरी का बैग एक सुनसान कुएं से तथा चांदी के आभूषण उसके निवास से बरामद किए गए। आरोपी ने चोरी का माल ब्यावर के बालकिशन सोनी को बेचने की बात बताई। इसके बाद पुलिस ने बालकिशन पुत्र मदनलाल सोनी (47), निवासी संग्रामगढ़, हाल चौहान कॉलोनी, ब्यावर को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया। पुलिस के अनुसार अनिलसिंह के खिलाफ पूर्व में भी चोरी व नकबजनी के प्रकरण दर्ज हैं तथा थाना जवाजा के काबरा क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात में भी वह वांछित है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस टीम: थानाधिकारी राजूराम सीरवी, सउनि कन्हैयालाल, जिला साइबर सेल सउनि सरफराज, कांस्टेबल मनोज कुमार 510, दुर्गाराम 468, अशोक 633, होनाराम 438, तोगाराम 616 तथा थाना जवाजा के राजेन्द्र मुआ 75, तोगेश कांस्टेबल 629 और जसराज कांस्टेबल 638 शामिल रहे।

# साढ़े चार क्विंटल अवैध डोडा पोस्त और पिस्टल सहित 5 जिंदा कारतूस बरामद

## दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाशी में खुला मादक पदार्थ तस्करी का मामला, तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 441.350 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त, एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी ब्यावर नरेंद्र पारीक के पर्यवेक्षण में रायपुर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 14 सितंबर को गश्त के दौरान ग्राम झूठा के पास एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में डोडा पोस्त से भरे 23 कट्टे मिले, जिनका कुल वजन 441.350 किलोग्राम पाया गया। तलाशी के दौरान वाहन से एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त, हथियार एवं कारतूस जब्त कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में ले लिया। मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े नेटवर्क और आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पुलिस टीम की भूमिका: कार्रवाई में रायपुर थाना पुलिस के एसआई राजाराम सहित हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, सविन खान, तारामचंद, सुभाष, शिवराज और रामलहरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सरगांव में कथित अवैध केमिकल फैक्ट्री का मामला



## ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, पांच दिन में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ग्राम पंचायत सरमालिया के राजस्व ग्राम सरगांव में कथित रूप से संचालित हो रही अवैध केमिकल फैक्ट्री को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फैक्ट्री का संचालन बंद करवाने तथा पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी आसपास के गड्ढों में एकत्रित किया जा रहा है। इसके जमीन में रिसने से कुओं और बोरवेल के पानी के दूषित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे फसलों और पेयजल स्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से फैक्ट्री के संचालन की जांच कर नियमों के विपरीत पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने तथा जल स्रोतों एवं पर्यावरण को संभावित नुकसान से बचाने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन को पांच दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में लापरवाही के कारण किसी प्रकार की जनहानि होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

सीमा पर पहुंचेंगे डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा

# जवानों से करेंगे संवाद, जनसुनवाई में सुनेंगे ग्रामीणों की परिवेदनाएं

## 16 और 17 सितंबर को जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा और जालोर का दौरा

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा 16 एवं 17 सितंबर को प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दौरे के तहत डीजीपी सीमावर्ती थानों और बॉर्डर आउट पोस्ट का निरीक्षण करने के साथ पुलिसकर्मियों एवं सीमा प्रहरियों से संवाद करेंगे। डीजीपी श्री शर्मा 16 सितंबर को सुबह 10.30 बजे फलौदी के नोख थाने में पुलिसकर्मियों से संवाद करेंगे। इसके बाद ग्राम जालुवाला में 'सीमा संवाद एवं जनसुनवाई' में स्थानीय निवासियों से रूबरू होंगे। दोपहर 2 बजे बॉर्डर आउट पोस्ट निरीक्षण करने के साथ सीमा प्रहरियों से संवाद एवं सीमा क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। इसके बाद जैसलमेर के सीमावर्ती ग्राम भारेवाला और रणाऊ में 'सीमा संवाद एवं जनसुनवाई' की जाएगी। डीजीपी श्री शर्मा का बॉर्डर आउट पोस्ट पर सीमा प्रहरियों से संवाद और दौरे का भी कार्यक्रम है। रात्रि विश्राम तनोट में करेंगे। पुलिस महानिदेशक 17 सितंबर को सुबह तनोटराय माता मंदिर दर्शन के बाद सांगड़ थाने का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों से संवाद करेंगे। इसके बाद बालोतरा के सिणधरी थाने में पहुंचकर बालोतरा और बाड़मेर के पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून व्यवस्था पर चर्चा करेंगे। डीजीपी श्री शर्मा करीब 3 बजे जालोर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचेंगे। यहां जालोर, पाली, सिरोही के पुलिस अधीक्षक अपने जिलों की कानून व्यवस्था एवं अपराध की स्थिति पर प्रस्तुतीकरण देंगे और समीक्षा की जाएगी।

## एक घर, दो जीत....पति-पत्नी दोनों ने चुनावी रण में गाड़ा जीत का झंडा, समर्थकों में खुशी का माहौल

# भीलवाडा निगम चुनाव में जमाया सियासी सिक्का, रमेश खोईवाल और उनकी पत्नी प्रेम देवी खटीक ने की अपने-अपने वार्ड से जीत हासिल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** नगर निगम चुनाव के नतीजों में इस बार कई दिलचस्प तस्वीरें सामने आईं, लेकिन एक ही परिवार से पति-पत्नी का अलग-अलग वार्डों से चुनाव जीतना खास चर्चा में रहा। रमेश खोईवाल और उनकी पत्नी प्रेमदेवी खोईवाल ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपने-अपने वार्ड में जीत दर्ज कर परिवार की राजनीतिक ताकत का नया अध्याय जोड़ दिया। दोनों की जीत के साथ ही समर्थकों में उत्साह छा गया और बधाइयों का दौर शुरू हो गया। वार्ड संख्या 52 से चुनाव मैदान में उतरे रमेश खोईवाल ने 1157 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं वार्ड संख्या 48 से उनकी पत्नी प्रेमदेवी खोईवाल ने 1174 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। दोनों ने अलग-अलग वार्डों में चुनाव लड़कर अपनी राजनीतिक पकड़ साबित की। खास बात यह रही कि दोनों की जीत एक साथ सामने आने के बाद परिवार और समर्थकों में खुशी का माहौल बन गया। राजनीतिक गलियारों में भी पति-पत्नी की इस दोहरी जीत को लेकर चर्चा रही। एक ही परिवार के दो सदस्यों का अलग-अलग वार्डों से जीतकर नगर निगम में पहुंचना स्थानीय राजनीति में दिलचस्प संयोग के रूप में देखा जा रहा है। नतीजों के बाद समर्थकों ने दोनों विजेताओं को बधाई दी। परिवार के लिए यह चुनाव परिणाम केवल दो सीटों की जीत नहीं, बल्कि एक साथ मिली दोगुनी राजनीतिक सफलता के रूप में सामने आया।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, आदिवासी मुद्दों और राजनीतिक विषयों पर हुई लंबी चर्चा

## नई दिल्ली में कर्तव्य भवन-3 स्थित गृह मंत्रालय में मुलाकात, जनजातीय क्षेत्रों के विकास, शिक्षा, रोजगार और समाज से जुड़े विषयों पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन-3 के गृह मंत्रालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान देश, राजस्थान, मेवाड़-वागड़ क्षेत्र और आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. रावत ने केंद्रीय गृह मंत्री से मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद भी प्राप्त किया। बैठक में



आदिवासी समाज की विभिन्न समस्याओं, जनजातीय क्षेत्रों के विकास, शिक्षा, रोजगार, युवाओं के अवसर, सामाजिक सरोकार और राजनीतिक परिस्थितियों सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। डॉ. रावत ने आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विकास से जुड़े विषयों और समाज की अपेक्षाओं को केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष रखा।

**आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों पर चर्चा**

मुलाकात के दौरान जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने, युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने तथा आदिवासी समाज के सामाजिक एवं आर्थिक विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। क्षेत्र में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकताएं तय करने को लेकर भी चर्चा हुई।

**मेवाड़-वागड़ के मुद्दे भी चर्चा के केंद्र में**

उदयपुर सहित मेवाड़-वागड़ क्षेत्र आदिवासी बहुल होने के कारण यहां के विकास और जनजातीय समाज से जुड़े विषयों को भी बातचीत में प्रमुखता मिली। क्षेत्र में शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं, रोजगार और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने जैसे मुद्दों को लेकर विचार साझा किए गए।

**राजनीतिक परिस्थितियों पर भी मंथन**

मुलाकात में समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों और आदिवासी समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी चर्चा हुई। बदलते राजनीतिक परिदृश्य में जनजातीय समाज की भूमिका, क्षेत्रीय मुद्दों और संगठनात्मक स्तर पर समाज की अपेक्षाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

**अमित शाह के मार्गदर्शन को बताया प्रेरणादायी**

मुलाकात के बाद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जीवटता, स्पष्ट सोच और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता प्रेरणादायी है। उनका मार्गदर्शन समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। डॉ. रावत ने कहा कि जनजातीय समाज से जुड़े विषयों को मजबूती से आगे बढ़ाने और आदिवासी क्षेत्रों के विकास को गति देने के लिए केंद्र और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। मुलाकात को इसी दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए आज नहीं आया कोई नामांकन

## 16 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक जमा होंगे नामांकन, 17 सितंबर को होगी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा,** 15 सितंबर 2026। शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। अध्यक्ष पद के निर्वाचन को लेकर लोक सूचना जारी होने के बाद मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। रिटर्निंग अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र 16 सितंबर 2026 को दोपहर 3:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। ऐसे में बुधवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि होने के कारण राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 15 और 16 सितंबर को प्राप्त होने वाले सभी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 17 सितंबर 2026 को सुबह 11:00 बजे की जाएगी। संवीक्षा का कार्य रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय, नगर पालिका शाहपुरा में होगा। अध्यक्ष पद के नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही शाहपुरा में अब सभी की नजरें संभावित प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों की रणनीति पर टिकी हैं। खास तौर पर 16 सितंबर को होने वाले नामांकन से अध्यक्ष पद के चुनाव की तस्वीर और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# शराब के नशे में बेटे ने मां को लाठी-डंडों से पीटा, हालत गंभीर

## बीच-बचाव करने पहुंची नातिन से भी मारपीट, शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में रविवार शाम शराब के नशे में एक युवक ने अपनी बुजुर्ग मां के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची नातिन को भी आरोपी ने पीट दिया। मारपीट में बुजुर्ग महिला के दोनों हाथों और कमर में चोटें आई हैं। पीड़िता ने सोमवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। तेंदुआ गांव निवासी श्यामदुलारी पत्नी ब्रह्मदीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा संतोष कुमार आए दिन गांजा और शराब के नशे में घर आकर गाली-गलौज करता है। रविवार शाम करीब छह बजे संतोष नशे की हालत में घर पहुंचा और मां के साथ अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर उसने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान घर में मौजूद नातिन बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद चोटिल बुजुर्ग महिला रात होने के कारण तत्काल थाने नहीं पहुंच सकी। सोमवार को उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी संतोष कुमार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# केसरा से जमवाय माता मंदिर के लिए गाजे-बाजे के साथ पदयात्रा रवाना

## 18 सितंबर को मंदिर पहुंचेगी पदयात्रा, रातभर होगा विशाल जागरण और भंडारा

स्मार्ट हलचल

मंडावर / उपखंड क्षेत्र के समीप केसरा जमवाय माता के भक्तों की ओर से मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को गांव केसरा से गाजे-बाजे और भक्तिमय माहौल के बीच जमवाय माता मंदिर के लिए विशाल पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जयकारों और भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया। आयोजकों के अनुसार पदयात्रा 18 सितंबर 2026 को जमवाय माता मंदिर पहुंचेगी। मंदिर पहुंचने के बाद रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों का कहना है कि इस



धार्मिक आयोजन में एक से दो लाख तक श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

**पूरी रात चलेगा भंडारा**

जागरण के साथ श्रद्धालुओं के लिए पूरी रात भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और समिति के सदस्यों ने व्यापक तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**19 सितंबर को ध्वज चढ़ाने की परंपरा**

19 सितंबर 2026 को ध्वज धारक शेर सिंह नरूका द्वारा जमवाय माता मंदिर पर ध्वज चढ़ाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहकर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

पदयात्रा रवाना होने के अवसर पर कमेटी के सदस्य उमेद सिंह, जतन सिंह, सूबेदार विजय सिंह, जगबीर सिंह, मूल सिंह, FPS राशन डीलर राजेंद्र सिंह, बच्चू सिंह, देवेंद्र सिंह (निक्की बना), रामराज सिंह, उदयभान सिंह, विजय भान सिंह, भंवर अवधेश सिंह नरूका, अमोल सिंह, विनोद सिंह, राममिलन सिंह सहित गांव-बस्ती के अनेक लोग मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर 10 दिन दिखेगा समाज का दम, कार्ड विमोचन के साथ तैयारियां तेज



## 11 अक्टूबर से शुरू होगा आयोजन, सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ खेलकूद कार्यक्रमों की रहेगी धूम, 20 को दशहरा मेले से समापन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** अग्रवाल समाज के कुलपिता महाराजा अग्रसेन जी की जयंती इस बार भी भीलवाड़ा में उत्सव, एकजुटता और सामाजिक सहभागिता के रंग में नजर आएगी। समाज का दम दिखाने वाले इस दस दिवसिय महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। श्री अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट की ओर से 10 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी और 20 अक्टूबर को भव्य दशहरा मेले के साथ इसका समापन होगा। आयोजन को लेकर समाज में तैयारियां तेज हो गई हैं। अग्रवाल उत्सव भवन में श्री अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट के तत्वावधान में महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित विशेष कार्ड का विमोचन किया गया। इस दौरान समाजबंधुओं को 10 दिनों तक आयोजित होने वाले विविध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खेमका, सचिव मुकेश अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सचिव वेंकटेश गोयल, धीरज अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष रितु नागोरी सहित विभिन्न जोन समितियों के अध्यक्ष व मंत्री मौजूद रहे। अग्रवाल नवयुवक मंडल, महिला मंडल, आदर्श सेवा समिति एवं बायोडाटा समिति के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। महोत्सव के डिजिटल प्रचार-प्रसार को भी विस्तार दिया जा रहा है। समाज की ओर से जल्द ही ई-पत्रिका के माध्यम से जयंती महोत्सव के सभी कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचाया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खेमका ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती समाज के लिए स्वाभिमान, गौरव और उत्सव का प्रतीक है। उन्होंने अग्रबंधुओं से परिवार सहित सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता, ऊर्जा और सहभागिता से इस वर्ष का जयंती महोत्सव ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनाया जाएगा।

## सभापति चुनाव से पहले भाजपा-कांग्रेस की बाड़ेबंदी तेज

# निर्दलीय और आरएलपी पार्षदों के समर्थन पर टिकी नजरें, 21 सितंबर को होगा सभापति का चुनाव

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** नगर परिषद ब्यावर में सभापति पद के चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपनी-अपनी रणनीति तेज कर दी है। दोनों दलों ने विजयी पार्षदों को एकजुट रखने के लिए बाड़ेबंदी शुरू कर दी है। वहीं, निर्दलीय और आरएलपी पार्षदों के समर्थन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मंगलवार सुबह विजयी पार्षद उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां रिटर्निंग ऑफिसर जयपाल सिंह राठौड़ के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद कांग्रेस समर्थित और निर्दलीय पार्षदों को अलग-अलग वाहनों से अज्ञातवास के लिए रवाना किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशोर सिंह चौधरी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पारस पंच ने दावा किया कि निर्दलीय पार्षदों के सहयोग से कांग्रेस नगर परिषद में बोर्ड बनाने में सफल होगी। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर निर्दलीय पार्षदों पर दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरएलपी के निर्वाचित





पार्षदों के कांग्रेस के समर्थन में आने का दावा किया है। हालांकि, समर्थन को लेकर अंतिम स्थिति सभापति चुनाव के दौरान ही स्पष्ट होगी। 60 वार्डों में भाजपा के 23, कांग्रेस के 20, निर्दलीय 13 और आरएलपी के 4 पार्षद विजयी हुए हैं। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के कारण सभापति चुनाव में निर्दलीय और आरएलपी पार्षदों की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। 21 सितंबर को होने वाले सभापति चुनाव में किस दल का प्रत्याशी बाजी मारेगा, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# आज का भारत वैश्विक चुनौतियों पर आत्मविश्वास से रख रहा राय: डॉ. जयशंकर

स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' के रूप में इंडियन काउंसिल ऑफ़ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) की सिल्वर जुबली (25वीं वर्षगांठ) के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने वैश्विक पटल पर भारत की तेजी से बदलती भूमिका, बढ़ती भागीदारी, वैश्विक रुचियों, जिम्मेदारियों और देश से दुनिया की बढ़ती उम्मीदों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि आज का भारत वैश्विक चुनौतियों पर कहीं अधिक आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ अपने दृष्टिकोण को दुनिया के सामने रख रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता के लिए विदेश मंत्रालय की टीम की सराहना की। कार्यक्रम में विदेश सचिव विक्रम मिसरी सहित कई वरिष्ठ राजनयिक, प्रख्यात विद्वान और नीति निर्माता भी मौजूद रहे। इस आयोजन ने भारत की विदेश नीति के वैचारिक विकास में आईसीडब्ल्यूए के पिछले 25



वर्षों के शानदार योगदान और विकसित भारत 2047 के संकल्प में इसकी भावी भूमिका को एक नई ऊर्जा दी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा आईसीडब्ल्यूए के 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' के तौर पर नामित होने के बाद आयोजित सिल्वर जुबली समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। इस मौके पर आने और खास लोगों को संबोधित करने के लिए उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का धन्यवाद। जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है, आज का भारत भी बदल रहा है। विदेश मंत्री ने आगे बताया कि उन्होंने अपने संबोधन के दौरान विशेष रूप से ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की आवाज को मजबूत करने के लिए भारत द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एक उभरते हुए भारत को वैश्विक मंच पर अपनी अनूठी नीतियों, इतिहास, अनुभवों और हितों को मुखरता से आगे बढ़ाना होगा। इसके साथ ही, जैसे-जैसे भारत की वैश्विक भूमिका का दायरा बढ़ रहा है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में देश की बौद्धिक सक्रियता को भी उसी गति से विकसित होना होगा। डॉ. जयशंकर ने एनर्जी के स्रोतों में विविधता लाने, नए बाज़ारों तक पहुंचने, एक्सपोर्ट बढ़ाने और विदेशों में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए भारत सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने यह भरोसा जताया कि आईसीडब्ल्यूए 'विकसित भारत' के लिए एक बेहतर और खास रणनीति बनाने के मकसद से चर्चा, बहस और बातचीत को बढ़ावा देता रहेगा।

# गंगापुर में चेक अनादरण मामले में दो वर्ष की सजा व ढाई लाख जुर्माना

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर के पीठासीन अधिकारी अमित दवे ने चेक अनादरण के एक मामले में आरोपी को दो वर्ष की सजा सुनाई है तथा चेक की राशि का डबल जुर्माना भी अधिरोपित किया है। परिवादी जमालुद्दीन पिता खाज नीलघर निवासी पोटलां से आरोपी फतह मोहम्मद नीलघर ने जायज जरूरत के लिए एक लाख पच्चीस हजार रुपये उधार लिए थे।



अदायगी के लिए फतह मोहम्मद ने जमालुद्दीन को एक लाख पच्चीस हजार रुपये का चेक दिया। बैंक में प्रस्तुत करने पर यह चेक अनादरित हो गया। इसके बाद जमालुद्दीन ने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस दिलवाया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी फतह मोहम्मद नीलघर को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई तथा चेक की राशि का डबल (ढाई लाख रुपये) जुर्माना अधिरोपित किया।परिवादी की ओर से न्यायालय में पैरवी अधिवक्ता सुनिल कुमार जैन व किशन लाल पारीक ने की।

# जयपुर: उदयपुर मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार की राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ का निधन, 83 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** उदयपुर के पूर्व राजपरिवार से एक दुखद खबर है। मेवाड़ पूर्व राजपरिवार की राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ का सोमवार, 14 सितंबर 2026 की देर रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वे 83 वर्ष की थीं और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके महाप्रयाण की खबर मिलते ही पूरे उदयपुर, मेवाड़ और मारवाड़ अंचल में शोक की लहर दौड़ गई है। देश-विदेश से जुड़े उनके चाहने वाले, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और राजनीतिक हस्तियां लगातार शोक व्यक्त कर रहे हैं। राजमाता अपने मिलनसार स्वभाव, परोपकारी कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमेशा याद की जाती रहेंगी। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया है, जिसने उदयपुर की सांस्कृतिक पहचान को गहराई से प्रभावित किया था। राजमाता विजयराज कुमारी



मेवाड़ का संबंध देश के अत्यंत प्रतिष्ठित और प्राचीन राजपरिवारों में से रहा है। वे मूल रूप से गुजरात के कच्छ राजपरिवार से ताल्लुक रखती थीं। वे कच्छ के महाराज फतह सिंह की छोटी पुत्री और कच्छ के महाराव की पौत्री थीं। विवाह के पश्चात वे मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार का हिस्सा बनीं। वे स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ की धर्मपत्नी और मेवाड़ के वर्तमान प्रमुख युवा सदस्य, समाजसेवी व शिक्षाविद् डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की आदरणीय माताजी थीं। पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने हमेशा मेवाड़ की परंपराओं और लोक कल्याणकारी संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया। परिवार के भीतर और बाहर उनके स्नेहिल और मजबूत नेतृत्व ने हर किसी को प्रभावित किया था। निधन के पश्चात राजपरिवार और प्रशासन द्वारा अंतिम संस्कार की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं: निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज मंगलवार, 15 सितंबर 2026 की सुबह 8 बजे उनकी अंतिम यात्रा उदयपुर स्थित ऐतिहासिक राजमहल (शंभू निवास पैलेस, सिटी पैलेस) से रवाना हो चुकी है। अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विभिन्न संगठनों के लोग और गणमान्य व्यक्ति राजमहल पहुंचे हैं। उनकी पार्थिव देह को उदयपुर के आयड़ स्थित ऐतिहासिक 'महासतियाजी' ले जाया जा रहा है, जो मेवाड़ राजपरिवार का शाही श्मशान स्थल है। यहीं पर राजमाता का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान और पारंपरिक शाही गारद के साथ संपन्न होगा।

**शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में राजमाता विजयराज कुमारी का योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में याद रखा जाएगा:**

उनकी प्रारंभिक शिक्षा ऊटी के प्रसिद्ध फ्रांसिस्कन कॉन्वेंट स्कूल में हुई थी, जहां से उन्होंने आधुनिक दृष्टिकोण और उच्च संस्कारों को आत्मसात किया था। उदयपुर में उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के प्रसार और महिला सशक्तिकरण के कार्यों में गहरी रुचि दिखाई। 1980 के दशक में उन्होंने उदयपुर के प्रतिष्ठित महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल (MMPS) के विकास और उसके कायाकल्प में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्कूल को एक आधुनिक, अनुशासित और उच्च गुणवत्ता वाला शैक्षणिक संस्थान बनाने में उनका मार्गदर्शन अमूल्य रहा था। उनके इस दूरदर्शी प्रयासों के कारण आज हजारों छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को संवार रहे हैं।

राजमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करने और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए विशेष बैठकों का आयोजन किया जाएगा:

आधिकारिक जानकारी के अनुसार राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ की शोक बैठक (तीये की बैठक) आगामी 16 सितंबर से 23 सितंबर 2026 तक रोजाना आयोजित की जाएगी। यह शोक सभा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक उदयपुर के शंभू निवास पैलेस, राजमहल परिसर में ही होगी, जहां लोग पहुंचकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। उदयपुर के आम नागरिकों से लेकर व्यापारिक संगठनों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ तथा पूरे शोकाकुल राजपरिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

# एक घर, दो जीत....पति-पत्नी दोनों ने चुनावी रण में गाड़ा जीत का झंडा, समर्थकों में खुशी का माहौल

## भीलवाडा निगम चुनाव में जमाया सियासी सिक्का, रमेश खोईवाल और उनकी पत्नी प्रेम देवी खटीक ने की अपने-अपने वार्ड से जीत हासिल

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** नगर निगम चुनाव के नतीजों में इस बार कई दिलचस्प तस्वीरें सामने आईं, लेकिन एक ही परिवार से पति-पत्नी का अलग-अलग वार्डों से चुनाव जीतना खास चर्चा में रहा। रमेश खोईवाल और उनकी पत्नी प्रेमदेवी खोईवाल ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपने-अपने वार्ड में जीत दर्ज कर परिवार की राजनीतिक ताकत का नया अध्याय जोड़ दिया। दोनों की जीत के साथ ही समर्थकों में उत्साह छा गया और बधाइयों का दौर शुरू हो गया। वार्ड संख्या 52 से चुनाव मैदान में उतरे रमेश खोईवाल ने 1157 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं वार्ड संख्या 48 से उनकी पत्नी प्रेमदेवी खोईवाल ने 1174 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। दोनों ने अलग-अलग वार्डों में चुनाव लड़कर अपनी राजनीतिक पकड़ साबित की। खास बात यह रही कि दोनों की जीत एक साथ सामने आने के बाद परिवार और समर्थकों में खुशी का माहौल बन गया। राजनीतिक गलियारों में भी पति-पत्नी की इस दोहरी जीत को लेकर चर्चा रही। एक ही परिवार के दो सदस्यों का अलग-अलग वार्डों से जीतकर नगर निगम में पहुंचना स्थानीय राजनीति में दिलचस्प संयोग के रूप में देखा जा रहा है। नतीजों के बाद समर्थकों ने दोनों विजेताओं को बधाई दी। परिवार के लिए यह चुनाव परिणाम केवल दो सीटों की जीत नहीं, बल्कि एक साथ मिली दोगुनी राजनीतिक सफलता के रूप में सामने आया।

### तकनीक कितनी उन्नत हो, उससे अधिक महत्वपूर्ण उसकी दिशा

# एमएलएसयू में 'अभियांत्रिकी, नवाचार और राष्ट्र निर्माण' पर राष्ट्रीय मंथन

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर।** राष्ट्रीय अभियंता दिवस के अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में 'अभियांत्रिकी, नवाचार और राष्ट्र निर्माण' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं विज्ञान भारती, चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में तकनीकी विकास को सामाजिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय आवश्यकताओं से जोड़ने पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अतिथि गृह स्थित बप्पा रावल सभागार में हुआ। आयोजन महान अभियंता, राष्ट्र निर्माता एवं भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती को समर्पित रहा। वक्ताओं ने कहा कि अभियंता की भूमिका केवल तकनीकी समाधान विकसित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार, सामाजिक सरोकार और राष्ट्र निर्माण के व्यापक दृष्टिकोण से भी जुड़ी है।



**जमीनी समस्याओं से जुड़े नवाचारों पर जोर**

संगोष्ठी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण जैसी तकनीकों को भारत की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि तकनीक केवल अत्याधुनिक होने के बजाय ऐसी होनी चाहिए, जो देश की वास्तविक समस्याओं का समाधान करे, समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचे और आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे। मुख्य वक्ता डॉ. अरविंद सी. रानाडे, निदेशक, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान-भारत (NIF), गांधीनगर एवं राष्ट्रीय सचिव, विज्ञान भारती ने जमीनी अभियांत्रिकी की अवधारणा पर प्रकाश डाला। उन्होंने जमीनी स्तर पर विकसित नवाचारों की पहचान, संरक्षण एवं प्रोत्साहन की आवश्यकता बताई। उन्होंने पारंपरिक ज्ञान एवं बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण का महत्व बताते हुए हल्दी के पेटेंट के संघर्ष का उदाहरण दिया। डॉ. रानाडे ने विद्यार्थियों एवं युवा शोधार्थियों से अपने आसपास की समस्याओं को नवाचार और जमीनी अभियांत्रिकी के अवसर के रूप में देखने का आह्वान किया तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा सहयोग प्राप्त नवाचारों एवं पेटेंट के उदाहरण प्रस्तुत किए।

**विश्वेश्वरैया के जीवन से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा**

मुख्य अतिथि विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास ने सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन, तकनीकी दक्षता, अनुशासन, दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि विश्वेश्वरैया की विरासत से प्रेरणा लेते हुए अभियांत्रिकी और नवाचार को राष्ट्र की आवश्यकताओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। कुलपति प्रो. कैलाश डागा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल तकनीकी दक्षता हासिल करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप उपयोगी समाधान विकसित करना होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं युवा शोधार्थियों को निरंतर सीखने, नई सोच विकसित करने और समस्याओं को अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है। शोध और नवाचार को समाजोपयोगी बनाने के साथ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की संस्कृति विकसित करना भी आवश्यक है।

**पोस्टर प्रतियोगिता में दिखाई रचनात्मकता**

संगोष्ठी के अंतर्गत 'राष्ट्र निर्माण में लोक विज्ञान की भूमिका' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आयोजित की गई। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने लोक विज्ञान, स्वदेशी ज्ञान, तकनीकी नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। श्रेष्ठ तीन पोस्टरों का चयन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को समापन समारोह में पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. शिखा अग्रवाल, डॉ. तन्वी अग्रवाल, डॉ. विमल सारस्वत एवं डॉ. विक्रम सीरवी शामिल रहे।

**विशेषज्ञों से सीधे संवाद का मिला अवसर**

कार्यक्रम में पंजीयन एवं दीप प्रज्वलन के बाद स्वागत उद्बोधन, स्वदेशी विज्ञान आंदोलन एवं राष्ट्र निर्माण पर विचार-विमर्श, मुख्य अतिथि का उद्बोधन और जिज्ञासा समाधान सत्र हुआ। इसमें विद्यार्थियों एवं युवा शोधार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया। वक्ताओं ने कहा कि बड़ा नवाचार अक्सर छोटे से प्रश्न से शुरू होता है, इसलिए युवाओं को अपने आसपास की समस्याओं को वैज्ञानिक जिज्ञासा, शोध और अभियांत्रिकी के अवसर के रूप में देखना चाहिए। कार्यक्रम आयोजन सचिव डॉ. अमित कुमार गुप्ता, सह-आयोजक सचिव डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. मोहन सिंह राठौड़ एवं श्रीमती मंजू चौधरी के सहयोग से आयोजित हुआ। मंच संचालन डॉ. गिरिमा नागदा एवं डॉ. कुलदीप शर्मा ने किया। आयोजन समिति में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सहयोग किया। आयोजकों के अनुसार संगोष्ठी का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना, स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाना रहा।

## बेसमेंट में टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



### तीन दमकल वाहनों ने 25 फेरे लगाकर बुझाई आग, पास संचालित लाइब्रेरी की सुरक्षा पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** कॉलेज रोड स्थित भोला टेंट हाउस के बेसमेंट में देर रात शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग से गोदाम में रखा टेंट हाउस का लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल विभाग की टीम तीन दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची। बेसमेंट में गोदाम होने के कारण आग बुझाने में दमकलकर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दमकल वाहनों ने करीब 25 फेरे लगाकर पानी डाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**लाइब्रेरी की सुरक्षा पर सवाल**

टेंट हाउस के गोदाम के पास ही लाइब्रेरी संचालित होने से आग की घटना के बाद विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने ऐसे स्थानों पर अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि बेसमेंट में ज्वलनशील टेंट सामग्री का भंडारण और उसके पास लाइब्रेरी का संचालन होने की स्थिति में सुरक्षा मानकों की नियमित जांच जरूरी है। संबंधित विभागों से मौके का निरीक्षण कर अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच कराने की मांग की गई है। आग बुझाने के दौरान सहायक फायर अधिकारी ताराचंद भट्ट सहित दमकल विभाग के कर्मचारियों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग पर नियंत्रण पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नौकर ने कुल्हाड़ी से वार कर मालिक की हत्या की



### काम पर नहीं रखने से नाराज था, बुजुर्ग का मोबाइल भी अपने साथ ले गया

**श्रीमाधोपुर (सीकर)** सीकर जिले में पूर्व नौकर ने डेयरी मालिक की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। घायल बुजुर्ग बाबूलाल को परिजनों ने जयपुर के एक हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान मंगलवार को बाबूलाल की मौत हो गई। पुलिस ने मोबाइल को ट्रैस करके आरोपी लालू यादव (32) निवासी छपरा, बिहार को 12 सितंबर को चौमूं से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया- आरोपी लालू एक साल पहले काम छोड़कर बिहार चला गया था। वापस लौटकर उसने जब काम मांगा तो बुजुर्ग ने मना कर दिया। इससे नाराज होकर उसने मौका देखकर डेयरी मालिक की हत्या कर दी। मामला श्रीमाधोपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर की ढाणी गठालावाली का 10 सितंबर का है। घायल बुजुर्ग बाबूलाल गठाला की मंगलवार को जयपुर में मौत हो गई थी। श्रीमाधोपुर थाना एसएचओ दिनेश कुमार ने बताया- 10 सितंबर को ढाणी गठालावाली के सुभाष ने रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 9 सितंबर की रात 3 बजे अज्ञात आदमी ने घर के टीन शेड में सो रहे मेरे पिता बाबूलाल गठाला (59) पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो वह लहूलुहान हालत में बिस्तर पर पड़े थे। इस पर मैंने फौरन रींगस के निजी अस्पताल लेकर गए। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जयपुर रेफर कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने बताया- 12 सितंबर को पुलिस ने आरोपी लालू यादव (32) निवासी छपरा, बिहार को चौमूं थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक साल पहले बाबूलाल गठाला के यहां डेयरी पर काम करने के साथ पशुओं की देखभाल करता था। एक साल पहले वह काम छोड़कर बिहार चला गया था।

### पत्रकार को अवैध हिरासत में लेना लोकतंत्र पर हमला है!

# पुलिस द्वारा पत्रकार को अवैध हिरासत में लिए जाने की घटना की कड़ी निंदा

स्मार्ट हलचल

**बायतु।** खेमा बाबा प्रेस क्लब के दो सदस्यों को 29 अगस्त के दिन बायतु पुलिस द्वारा अवैध हिरासत में लेने के बाबत आज खेमा बाबा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी की अहम बैठक रखी गई जिसमें उपस्थित क्लब अध्यक्ष अशोक धतरवाल उपाध्यक्ष खीयाराम पालीवाल एवं क्लब के सभी सदस्य गण मौजूद थे आज की इस मीटिंग का उद्देश्य किसी भी पत्रकार को अवैध हिरासत में लेना और किसी कवरेज के दौरान किसी पत्रकार को डराना धमकाना और उसके खिलाफ अभद्र व्यवहार करना और उनको अवैध हिरासत में लेने पर अहम बैठक रखी गई और उसमें चर्चा की गई पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। किसी पत्रकार को बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के हिरासत में लेना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रहार है। हम मांग करते हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और यदि किसी अधिकारी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

**प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करें।**



पत्रकारों की आवाज़ दबाना बंद करें।

खेमा बाबा प्रेस क्लब बायतु के दो सदस्य को पुलिस द्वारा बिना उचित कानूनी प्रक्रिया एवं स्पष्ट कारण बताए हिरासत में लिए जाने की घटना अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जनहित से जुड़े मुद्दों को समाज एवं प्रशासन के समक्ष रखने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो पत्रकारो को दिनांक 29 अगस्त को थाना बायतु की पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। इस दौरान उन्हें हिरासत में लिए जाने के कारण एवं कानूनी आधार के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई/उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। यदि यह तथ्य जांच में सही पाया जाता है, तो यह पत्रकारों के स्वतंत्र एवं निर्भीक रूप से कार्य करने के अधिकार पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

खेमा बाबा प्रेस क्लब पत्रकार संगठन/प्रेस क्लब प्रशासन से मांग करता है कि–

1. पत्रकार को हिरासत में लिए जाने की घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।
2. हिरासत में लिए जाने के कानूनी कारण एवं पूरी कार्रवाई सार्वजनिक की जाए।
3. यदि किसी पुलिस अधिकारी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है तो उसके विरुद्ध उचित विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।
4. पत्रकारों को अपना कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में करने की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए।
5. पत्रकार के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या उत्पीड़न की स्थिति में दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए।

पत्रकार संगठन स्पष्ट करता है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, लेकिन कानून लागू करते समय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया और नागरिकों/पत्रकारों के अधिकारों का पालन किया जाना भी अनिवार्य है।

हम प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि मामले में शीघ्र निष्पक्ष जांच कर तथ्यों को सार्वजनिक किया जाएगा और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## भीलवाड़ा में फायरिंग के आरोपी लंगड़ाते हुए कोर्ट पहुंचे

### 3 दिन की रिमांड में पुलिस करेगी पूछताछ; कहासुनी के बाद किया था हमला

**भीलवाड़ा** भीलवाड़ा शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कावाखेड़ा में सोमवार रात युवक पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सद्दाम और उसके साथी रामकिशन को पुलिस ने लोकेशन ट्रेस, मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बनेड़ा-शाहपुरा के पास से पकड़ा। दोनों आरोपियों को मंगलवार शाम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार रात कावाखेड़ा क्षेत्र में सद्दाम और युवक चीकू के बीच मामूली कहासुनी के बाद विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद सद्दाम ने चीकू पर पिस्टल से फायरिंग कर दी और साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। गोली चीकू की पसलियों में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे महात्मा गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सद्दाम और चीकू के बीच मोहर्रम के दिन मामूली कहासुनी को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के खिलाफ कमेंट कर रहे थे। सोमवार देर शाम कावाखेड़ा में दोनों आमने-सामने हुए तो विवाद बढ़ गया और फायरिंग की घटना हो गई।

## सोते समय पिता-पुत्र को सांप ने काटा, पुत्र की हालत गंभीर

### मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में चल रहा उपचार, पिता की हालत में सुधार

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** नगर पंचायत खखरेरू के वार्ड नंबर 12 रामनगर में मंगलवार तड़के सोते समय पिता-पुत्र को सांप ने काट लिया। दोनों को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज फतेहपुर रेफर कर दिया। पिता की हालत में सुधार बताया जा रहा है, जबकि पुत्र की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी सुनील कुमार तिवारी (35) पुत्र विद्याधर अपने करीब 10 वर्षीय पुत्र अंकुश तिवारी के साथ एक ही बिस्तर पर सो रहे थे। मंगलवार तड़के करीब तीन बजे छत से अचानक एक सांप बिस्तर पर गिर पड़ा। सांप ने पहले अंकुश के हाथ में काट लिया। घबराकर अंकुश ने हाथ झटका तो सांप ने उसके पिता सुनील को भी काट लिया। घटना के बाद दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और निजी साधन से पिता-पुत्र को जिला अस्पताल फतेहपुर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार सुनील की हालत में सुधार है, जबकि अंकुश की हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है।

## राजस्थान के 26 जिलों में आज बारिश का अलर्ट




### 19 सितंबर से शुरू होगी मानसून की विदाई, कई इलाकों में हल्की बरसात

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** राजस्थान में मानसून अंतिम चरण में है। आज 26 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। मंगलवार को अजमेर, पाली समेत कुछ अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश होने और हवा चलने से कई शहरों में मंगलवार को तापमान में गिरावट हुई। सिरोही, डूंगरपुर, उदयपुर, अजमेर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने राजस्थान में मानसून की विदाई 19 सितंबर से शुरू होने की संभावना जताई है। एक इंच तक पानी बरसा: पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा पाली के देसुरी में 24 MM बारिश हुई।, अजमेर, भरतपुर, कोटा, धौलपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, माउंट आबू, डूंगरपुर, जालौर, राजसमंद और नागौर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- बंगाल की खाड़ी से जो लो-प्रेशर सिस्टम आया था, वह अब गुजरात के कच्छ के आसपास है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान में आज और कल भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। तापमान 4 डिग्री तक गिरा: राजस्थान में मंगलवार को अधिकांश शहरों में सुबह-शाम के अलावा दिन में हल्के बादल छाए और हल्की हवा चली। वातावरण में नमी होने से ठंडक रही, जिससे कई शहरों में तापमान 1 से 4 डिग्री तक गिर गया। दिन का सबसे ज्यादा तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस जैसलमेर में दर्ज हुआ। 19 सितंबर से मानसून की विदाई: मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार 19 सितंबर से राजस्थान के पश्चिमी छोर से मानसून की विदाई शुरू होने की संभावना है। इसके लिए परिस्थितियां भी अनुकूल बन गई है। पश्चिमी हवाएं स्ट्रांग हो रही है और हरियाणा, दिल्ली राजस्थान की सीमा पर एंटी साइक्लोन सिस्टम बनने लग गया है। जैसलमेर जिला और पाकिस्तान से लगती सीमा पर पिछले कुछ समय से बारिश की गतिविधियां थमी हैं। ये सभी परिस्थितियां मानसून की विदाई के अनुकूल है।

# अमरथून में काली बाई भील कृषि विज्ञान संकाय की कार्यकारिणी गठित : सुश्री दुर्गा कटारा अध्यक्ष व रवीना निनामा बनीं सचिव

स्मार्ट हलचल

**बांसवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अमरथून में कृषि विज्ञान संकाय की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुश्री दुर्गा कटारा को अध्यक्ष और रवीना निनामा को सचिव के रूप में मनोनीत किया गया। विद्यालय में महिला सशक्तिकरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।




**कृषि संकाय के विकास और सुविधाओं पर जोर**

संस्था प्रधान अरुण व्यास की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय में कृषि विज्ञान संकाय के सुदृढ़ीकरण पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान कृषि भूमि से अतिक्रमण हटाने, बालिकाओं के लिए अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण, 5 नई प्रयोगशालाओं की स्थापना, पीएम श्री विद्यालय की मान्यता, और कृषि अनुसंधान हेतु मृदा अटल लैब के निर्माण जैसी प्रमुख मांगों को रखा गया। साथ ही, बालिकाओं के लिए छात्रावास और नामांकन वृद्धि के अनुरूप नए पदों के सृजन पर भी जोर दिया गया।

**62 छात्राओं को मिली कृषि विज्ञान छात्रवृत्ति**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कृषि विज्ञान छात्रवृत्ति का वितरण रहा। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की 62 छात्राओं के लिए 15,000 रुपये प्रति छात्रा की दर से छात्रवृत्ति सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित करने हेतु स्वीकृत की गई। साथ ही, 26 अन्य छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा अनुदान छात्रवृत्ति की प्रक्रिया भी समझाई गई।

**कार्यकारिणी का गठन**

कृषि विज्ञान संकाय प्रभारी श्रीमती राजेश्वरी (व्याख्याता, रसायन), मंगल चंद मीणा (व्याख्याता, भौतिक विज्ञान) एवं ओम प्रकाश लबाना (व्याख्याता, जीव विज्ञान) के मार्गदर्शन में गठित कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारी शामिल हैं:

अध्यक्ष: सुश्री दुर्गा कटारा
सचिव: रवीना निनामा
महिला उपाध्यक्ष: ललिता भगोरा
कोषाध्यक्ष: मंजू निनामा
सह सचिव: भूमिका चरपोटा
सदस्य: चेतन कुमारी मईडा

**इंजीनियर दिवस और लोकतंत्र दिवस का आयोजन**

समारोह के दौरान अभियंता दिवस और अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम को कचरू लाल चरपोटा, बदन लाल डामोर, दया शंकर चरपोटा, जीवन लाल निनामा, राजेश तिरगर (वरिष्ठ अध्यापक, गणित), अनूप कुमार मेहता, मयूर पड़ियार, हितेष कुमार निनामा, प्रभुलाल खराड़ी, अविनाश बुनकर, नारायण लाल, कपिल वर्मा, प्रज्ञा अधिकारी, मुकेश पटेल और श्रीमती रैना निनामा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रज्ञा अधिकारी ने किया और आभार प्रदर्शन श्रीमती राजेश्वरी ने किया।-----क्या आप इस समाचार में कोई विशेष बदलाव चाहते हैं या इसे और अधिक विस्तृत करना चाहते हैं?

**समीक्षा बैठक** | मुख्य सचिव ने जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली

# योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश



जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को शासन सचिवालय में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की बैठक ली तथा विभाग द्वारा संचालित राज्य निधि एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित बजट घोषणाओं, राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पीएम जनमन योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने धरती आबा योजना के तहत सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस संबंधी निविदा जारी करने में आचार संहिता के कारण आ रही बाधाओं के निराकरण के लिए आवश्यक शिथिलन का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही, कार्यकारी एजेंसियों को कार्यों की तकनीकी स्वीकृतियां तथा बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्र अविलंब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम-जनमन योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों में संबंधित विभागों आईसीडीएस, टीएडी, पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण विकास, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2027 तक लक्ष्य अनुसार उपलब्धि अर्जित करने के लिये निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत एवं प्रक्रिया आरंभ बजट घोषणाओं को पूर्ण करने हेतु विभागीय स्तर पर त्वरित कार्यवाही की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में पक्के मकान, स्वच्छ पेयजल, सड़क, बिजली, मोबाइल कनेक्टिविटी एवं पोषणयुक्त आहार जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं



अभियांत्रिकी विभाग को लक्ष्य के अनुसार पाइप लाइन एवं जल आपूर्ति मुहैया कराने में हो रहे विलंब के संबंध में विभागीय स्तर पर विस्तृत समीक्षा कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में खाद्यान्न आपूर्ति के लिए परिवहन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं टीएडी विभाग आप वापसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों में क्रमशः 128 एवं 212 पद रिक्त हैं, जो शिक्षा विभाग की कैडर स्ट्रेंथ में भी शामिल है। उन्होंने रिक्त पदों पर अक्टूबर 2026 तक प्रतिनियुक्त करने के लिए शिक्षा विभाग को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत जारी किए गए अधिकार पत्रों में से जमाबंदी में इंद्राज करने से शेष रहे 11 हजार अधिकार पत्रों का अंकन कर शत-प्रतिशत इंद्राज सुनिश्चित किया जाए।



*राजस्थान निकाय चुनाव*

## 305 शहरी निकायों में मेयर, सभापति, अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुरू, 21 सितंबर को मतदान

**जयपुर-जोधपुर-कोटा और सुकेत में 16 को री-पोलिंग, 17 को घोषणा**

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 305 शहरी निकायों में अध्यक्ष (महापौर, सभापति और पालिकाध्यक्ष) पदों के चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। मंगलवार सुबह 7 बजे जारी अधिसूचना के साथ ही जयपुर, जोधपुर, कोटा नगर निगम और सुकेत नगरपालिका को छोड़कर शेष सभी निकायों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होते ही प्रदेश के 7 नगर निगमों में महापौर (मेयर), 47 नगर परिषदों में सभापति और 251 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पदों के लिए चुनावी घमासान और बाड़ेबंदी तेज हो गई है।

**निकाय प्रमुख चुनाव का आधिकारिक कार्यक्रम**

नामांकन दाखिल करने की अवधि: 15 सितंबर (सुबह 10:30 बजे से) से 16 सितंबर (दोपहर 3:00 बजे तक)

नामांकनों की जांच (स्क्रूटनी):17 सितंबर

नाम वापसी की अंतिम तिथि:18 सितंबर (दोपहर 3:00 बजे तक)

मतदान (वोटिंग): 21 सितंबर (सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक)

मतगणना व परिणाम: 21 सितंबर (मतदान समाप्ति के तुरंत बाद)

4 निकायों के 10 बूथों पर 16 को री-पोलिंग, 17 को कार्यक्रम होगा घोषितमतगणना के दौरान ईवीएम (EVM) में आई तकनीकी खराबी के चलते नगर निगम जयपुर, जोधपुर, कोटा और नगरपालिका सुकेत के कुछ वार्डों के नतीजे अटक गए थे।

**न्यूज इन बॉक्स**



**पोहे बेचती थी मॉडल, दोस्त के कपड़े पहनकर दिया ऑडिशन**

## एक साल में देशभर में शूटिंग की, ब्यूटी कॉन्टेस्ट के टॉप 5 तक पहुंची थी



जयपुर(नि.सं.)। ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान के सीजन-13 के ऑडिशन की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान पिछले सीजन की मॉडल्स ने अपने अनुभव शेयर किया। मॉडल ज्योति सोनी ने बताया- मेरी मां कैंसर से जूझ रही हैं। पिता की न्यूनतम आय थी। ऐसे में परिवार और खासकर मां के लिए कुछ करने की इच्छा ने मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। मैंने शुरुआत में करीब डेढ़ साल तक पोहे का स्टॉल लगाया। काम करते हुए कई लोग मुझसे कहते थे कि मैं अच्छी दिखती हूं। मुझे मॉडलिंग करनी चाहिए। इन बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इसी दौरान एक दोस्त एलीट मिस राजस्थान के लिए तैयारी कर रही थी। इसके लिए आवेदन कर रही थी।



## सिंगर-राइटर आफताब बाबर का नया गाना 'माही' रिलीज

**10 साल बाद पहला इंडिपेंडेंट गाना, जयपुर और बीकानेर में हुई शूटिंग**

जयपुर(नि.सं.)। इंडिपेंडेंट म्यूजिक की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे सिंगर-राइटर आफताब बाबर ने अपना नया गाना 'माही' रिलीज किया है। गाने को मानिक चौधरी ने निर्देशित किया है, जबकि इसमें सालीम सलमानी और पायल प्रजापत मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। गाने का निर्माण आयुष बिश्नोई ने किया है। प्यार, दोस्ती और भावनाओं पर आधारित इस गाने की शूटिंग राजस्थान की अलग-अलग लोकेशंस पर की गई है। आफताब बाबर ने बताया कि वह पिछले करीब 10 सालों से संगीत के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उनका ताल्लुक चूरू से है और बीकानेर में रहते हुए उन्होंने कई गानों पर काम किया है। हालांकि पहली बार उन्होंने स्वतंत्र रूप से अपना गाना तैयार किया है।



**राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 की कार्यप्रणाली का निरीक्षण**

## श्रेया गुहा ने एआई-सक्षम वॉइस चैटबॉट के रिस्पॉन्स की सराहना,परिवाद निस्तारण में गुणात्मक सुधार के निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रशिक्षण एवं एचसीएम रीपा की महानिदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 एवं संपर्क पोर्टल की कार्यप्रणाली का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य स्तरीय डैशबोर्ड का बारीकी से अवलोकन करते हुए आमजन की समस्याओं के पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**एआई आधारित वॉइस चैटबॉट की कार्यप्रणाली परखी**

निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने संपर्क पोर्टल पर संचालित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित वॉइस चैटबॉट की



राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 की कार्यप्रणाली का अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रशिक्षण एवं एचसीएम रीपा महानिदेशक ने किया निरीक्षण

कार्यप्रणाली को परखा। उन्होंने कहा कि चैटबॉट के माध्यम से मिल रहे ग्रीवेंस रिस्पॉन्स सराहनीय हैं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि वॉइस चैटबॉट के जरिए ग्रीवांस रिड्रेसल व्यवस्था में और अधिक सकारात्मक एवं गुणात्मक सुधार लाया जाए, ताकि परिवादियों को सहजता से अपनी बात रखने और त्वरित समाधान का लाभ मिल सके।

**केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए पृथक श्रेणीकरण का सुझाव:** गुहा ने समीक्षा के दौरान सुझाव दिया कि भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के लाभ से संबंधित प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं को अलग से श्रेणीबद्ध किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे योजनाओं से जुड़े प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सकेगी।

**मिशन कर्मयोगी रैंकिंग**

## मिशन कर्मयोगी रैंकिंग में राजस्थान लगातार दूसरे माह प्रथम



जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान के प्रशिक्षण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं महानिदेशक हरिश्चंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान की महानिदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने बताया कि मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की क्षमता निर्माण एवं लर्निंग आउटकम पर आधारित नवीनतम रैंकिंग में राजस्थान ने 62.49 के कम्पोजिट स्कोर के साथ राज्य श्रेणी 'C' (जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़े राज्य) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह राजस्थान के लिए लगातार दूसरे माह प्रथम स्थान की उपलब्धि है। गुहा ने बताया कि मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास के दूरदर्शी नेतृत्व, सतत मार्गदर्शन एवं क्षमता निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता के कारण ही यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। मुख्य सचिव के नेतृत्व में प्रदेश में अधिकारियों एवं कार्मिकों को निरंतर सीखने, कौशल उन्नयन तथा बदलती प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान (HCM RIPA) में मिशन कर्मयोगी के नोडल विभाग के रूप में इस अभियान के प्रभावी संचालन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



## हाईकोर्ट बिल्डिंग निर्माण में गड़बड़ी पर डीजीपी कोर्ट में पेश

**बोले- एविडेंस के आधार पर होगी कार्रवाई; क्राइम मीटिंग में कहा- बॉर्डर सुरक्षा भी होगी मजबूत**

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट की बिल्डिंग निर्माण में गड़बड़ियों को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस मामले को लेकर DGP राजीव कुमार शर्मा आज (मंगलवार) जोधपुर पहुंचे हैं। हाईकोर्ट बिल्डिंग निर्माण में गड़बड़ी के मामले में DGP कोर्ट में पेश हुए और जांच को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। उसमें जांच जारी है। जांच में सामने आने वाले एविडेंस के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जोधपुर में हुई क्राइम मीटिंग में DGP ने बॉर्डर क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत करने पर जोर दिया। अपराध नियंत्रण के साथ संवेदनशील इलाकों में पुलिस निगरानी बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई।

*विजयराज कुमारी (83) का निधन*

## उदयपुर- मां के अंतिम दर्शन कर भावुक हुए लक्ष्यराज मेवाड़

**बारिश के बीच निकली यात्रा, 425 साल पुरानी छतरियों के बीच अंतिम संस्कार**

उदयपुर। महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ की पत्नी विजयराज कुमारी (83) का सोमवार देर रात निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। विजयराज कुमारी का उदयपुर में 425 साल पुरानी छतरियों के बीच महासतिया में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान लक्ष्यराज भावुक हो गए। महासतिया में अंतिम संस्कार की परम्पराएं बारिश के बीच निभाई गईं। इससे पहले पूर्व राजपरिवार के आधिकारिक निवास शंभू पैलेस से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

**बैंडबाजे के साथ अंतिम यात्रा, रास्ते में बरसे फूल**

विजयराज कुमारी की करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी अंतिम यात्रा में पूर्व राजपरिवारों के सदस्य और आम लोग शामिल थे। उनके अंतिम दर्शन के लिए रास्ते भर लोग सड़क के दोनों ओर लाइन लगाकर खड़े नजर आए। इस दौरान कई लोग भावुक भी नजर आए। रास्ते भर उन पर फूलों की भी बरसात की गई। यात्रा में उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के साथ उनके पोते व परिवार के दूसरे सदस्य भी थे।





**सोशल वर्क के लिए आगे रहती थीं विजयराज कुमारी:** विजयराज कुमारी का उदयपुर में शिक्षा और परोपकारी गतिविधियों में विशेष जुड़ाव रहा है। 1980 के दशक में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के विकास और उसे व्यवस्थित एवं आधुनिक शैक्षणिक स्वरूप देने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



## पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में पहली बार ड्रोनथॉन

**स्वदेशी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम वायु उत्तम का प्रदर्शन, 20 से ज्यादा कंपनियां-स्टार्टअप्स ले रहे हिस्सा**

जैसलमेर। पोकरण में पहले ड्रोनथॉन-2026 का आगाज: स्वदेशी 'वायु उत्तम' ने सैन्य और नागरिक ड्रोन्स की लोकेशन लाइव ट्रैक की जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सोमवार को भारतीय वायु सेना के पहले 'ड्रोनथॉन-2026' का आगाज हुआ। तीन दिवसीय आयोजन का उद्घाटन वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने किया। पहले ही दिन अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकों का प्रदर्शन हुआ। इनमें सबसे खास वायु सेना की स्वदेशी ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रणाली 'वायु उत्तम' का लाइव परीक्षण रहा। इस सिस्टम ने आसमान में उड़ रहे सैन्य और नागरिक ड्रोन्स को तुरंत खोजकर उनकी सटीक लोकेशन ट्रैक की।

**मोजिका बिल्डर्स के खिलाफ एफआईआर**

## पार्किंग विवाद में धमकाने और फ्लैट हड़पने की कोशिश का आरोप

जयपुर(नि.सं.)। राजधानी जयपुर में रियल एस्टेट कारोबारियों की कथित मनमानी और धोखाधड़ी का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। चांदपोल स्थित ड्रीम प्वाइंट बहुमंजिला इमारत में फ्लैट व पार्किंग आवंटन के नाम पर लाखों रुपए ऐंठने, कब्जा करने और धमकियां देने के आरोप में मोजिका बिल्डर्स के निदेशकों व कर्मचारियों के खिलाफ संजय सर्किल थाने में गंभीर धाराओं में

MOJIKA GROUP

एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 318(2), 308(2), 329(4), 352 और 324(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शास्त्री नगर निवासी परिवादी हनुमत सिंह शेखावत द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में उन्होंने अपनी बहन के नाम मोजिका बिल्डर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के जरिए फ्लैट नंबर 305 मय पार्किंग क्रय किया था। आरोप है कि बिल्डर ने पहले उन्हें पार्किंग संख्या 14 बेची, जो उनके मालिकाना हक में थी ही नहीं। जब परिवादी ने कानूनी कार्रवाई की बात कही, तो दबाव में आकर बिल्डर ने 3 लाख रुपए अतिरिक्त लेकर पार्किंग संख्या 3 का विक्रय

**किशाऊ परियोजना के एमओयू पर हस्ताक्षर** | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शेखावाटी के विकास को नई गति

## यमुना जल के बाद किशाऊ परियोजना से शेखावाटी के लिए जल सुरक्षा का मजबूत आधार

**पेयजल, सिंचाई और विकास के नए अवसर होंगे सृजित**

जयपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तरी भारत की वर्षों से लंबित जल परियोजनाएं अब धरातल पर क्रियान्वित होने जा रही हैं। इस दिशा में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के लिए 6 राज्यों के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। किशाऊ परियोजना से प्राप्त जल शेखावाटी के जल की दृष्टि से अभावग्रस्त रहे क्षेत्रों की जल



आवश्यकताओं की पूर्ति में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय जल संसाधन मंत्री श्री सी आर पाटिल की मौजदगी में हुए इस एमओयू पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सहित 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हस्ताक्षर किये। किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना यमुना की प्रमुख सहायक टौंस नदी पर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर प्रस्तावित है। करीब 15,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना से 660 मेगावाट जलविद्युत उत्पादन होगा तथा इससे राजस्थान सहित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा लाभान्वित होंगे। परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश के जल हिस्से का एक भाग राजस्थान और दिल्ली को आवंटित किया जाएगा। इसके बदले इन राज्यों द्वारा हिमाचल प्रदेश के विद्युत घटक की लागत में योगदान किया जाएगा। जल घटक की 90 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार द्वारा सहायता के रूप में वहन की जाएगी और शेष 10 प्रतिशत भागीदार राज्यों द्वारा दिया जाएगा। किशाऊ बांध परियोजना को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजनाओं की सूची में शामिल किया गया है। परियोजना के निर्माण, संचालन एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी किशाऊ कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निभाई जाएगी तथा इसकी निगरानी अपर यमुना बेसिन से संबंधित व्यवस्था के तहत होगी।

होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा का खर्च

# ट्रम्प बोले- दुनिया होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा का पैसा दे

## कहा- अमेरिका ने तेल सप्लाई जारी रखी, दूसरे देशों ने कोई मदद नहीं की




वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा का खर्च दूसरे देशों को उठाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जिन देशों ने ईरान के साथ जारी संघर्ष में अमेरिका की मदद नहीं की, उन्हें संकट खत्म होने के बाद अमेरिका को भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका कई पीढ़ियों से अपने हितों की जगह दूसरे देशों के लिए ज्यादा काम करता रहा है। जिन देशों ने इस संकट में अमेरिका की बिल्कुल मदद नहीं की, उन्हें इसकी कीमत चुकानी चाहिए।

**ट्रम्प पहले 7 देशों से मांग चुके हैं मदद**

ईरान के खिलाफ जंग शुरू होने के बाद ट्रम्प ने कई देशों से मदद मांगी थी। 16 मार्च को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर कहा था कि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए 7 देशों से संपर्क किया था। हालांकि, उन्होंने उन देशों के नाम नहीं बताए थे। इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रम्प ने उम्मीद जताई थी कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन होर्मुज की सुरक्षा में अमेरिका का साथ देंगे। होर्मुज स्ट्रेट फारस की खाड़ी को अरब सागर और हिंद महासागर से जोड़ता है। यहां से तेल और गैस ले जाने वाले बड़ी संख्या में जहाज गुजरते हैं। इसलिए इस रास्ते पर तनाव बढ़ने का असर कई देशों की ऊर्जा सप्लाई पर पड़ सकता है।


ट्रम्प बोले- ईरान जल्द समझौता करना चाहता है: ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत करना चाहता है और जल्द समझौता करने की कोशिश कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर 'भारतीय युवा संसद' का 31 वाँ अधिवेशन आयोजित

# सबके लिए न्याय, शांति और मानवाधिकारों के प्रति समर्पण ही लोकतंत्र का बड़ा आधार: राज्यपाल

## लोकतंत्र संवाद और लोगों में विश्वास पैदा करने से संपन्न होता है





जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सबके लिए न्याय, शांति, विकास और मानवाधिकारों के प्रति समर्पित होकर कार्य करना ही लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार है। लोकतंत्र का अर्थ ही है, विकास में सभी नागरिकों की समान भागीदारी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र संवाद से सम्पन्न होता है। संवाद से सुसंवाद और सुसंवाद से मैत्री के रास्ते निकलते हैं। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे युवा राष्ट्र बताते हुए कहा कि युवा ही भारत की शान है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में युवाओं को सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

बागडे मंगलवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित भारतीय युवा संसद÷ कार्यक्रम में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करना है तो हमें न्याय नीति से चलना होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अच्छी बातों को आत्मसात करें, यही जीवन भर काम आएगी। अच्छी बातों को ग्रहण करने से विवेक जागृत होता है। विवेक से ही समाज में प्रतिष्ठा बनती है। राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों ने 1921 में दिल्ली में 80 लाख व्यय कर हमारे पुराने संसद भवन का निर्माण प्रारंभ किया और छह साल में इसे पूरा किया। इससे पहले अंग्रेज राइटर हाउस, कलकता से सारे आदेश निकलते थे। यह निर्माण सौ साल को ध्यान में रखते हुए किया गया। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुनियोजित रूप में विचार कर देश के लिए नए संसद भवन का निर्माण करवाया। संसद केवल निर्मित भवन नहीं लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। संविधान वहां का देवता है। यह भावना जिसके मन में रहेगी वह कभी संसद में असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं करेगा। उन्होंने युवाओं को संसदीय लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में कार्य करने पर जोर दिया। बागडे ने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास अर्जित करना जरूरी है। विश्वास के साथ लोकतंत्र में समझदारी होना जरूरी है। समझदारी ही सबसे बड़ा सदगुण है। उन्होंने युवाओं को इन सबको आत्मसात करने का आह्वान किया। इससे पहले गुजरात सरकार में राज्य मंत्री श्रीमती रिवाबा जाडेजा ने लोकतंत्र में साझा समझ विकसित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश को युवा धन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी से देश तेजी से आगे बढ़ेगा।

ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी

# जयपुर में रेलवे कर्मचारी ट्रेन के आगे कूदा, मौत

## सुसाइड नोट में लिखा - मैं पत्नी-बच्चों से परेशान, जिंदगी से हार गया; ससुराल वालों पर लगाए आरोप



जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में रेलवे कर्मचारी ने मंगलवार सुबह ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। कर्मचारी के पास सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें पत्नी और बच्चों से परेशान होकर मरने का उल्लेख है। रेलवे कर्मी ने मरने से एक घंटा पहले परिचितों को सुसाइड नोट वॉट्सएप किया था। मामला शिवदासपुरा रेलवे स्टेशन के पास का है। महेश तंवर (45) पुत्र प्रहलाद ने अल सुबह 4 बजे सुसाइड किया है। महेश रेलवे में ट्रैकमैन था और शिवदासपुरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे क्वार्टर में रहता था।

**सुसाइड नोट लिखकर किया वॉट्सएप**

पुलिस को मरने से पहले महेश के लिखे सुसाइड नोट के बारे में भी पता चला है। महेश ने सुसाइड करने से पहले एक पेज का सुसाइड नोट लिखा।उसकी फोटो दोस्तों व परिचितों को सुबह करीब 4ः30 बजे वॉट्सएप की थी। पुलिस की ओर से सुसाइड नोट को लेकर भी जांच की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पिछले 5 साल से पति-पत्नी के बीच केस चल रहा है। तभी से पत्नी-बच्चों से वह अलग रह रहा था।

**सुसाइड नोट लिखा:** मैं महेश तंवर अपने पूरे होश हवास में लिख रहा हूं। मैं अपनी पत्नी और बच्चों से बहुत परेशान हो गया हूं। मेरी पत्नी और मेरा 5 साल से केस चल रहा है। और मैं उसके हर महीने मेंटीनेस भी दे रहा हूं। वह मेरे और मेरे माता पिता के साथ नहीं रहना चाहती है और नहीं मुझे तलाक दे रही है। वह चाहती है कि मैं अपने माता-पिता के साथ न रहूं और न उनकी सेवा करूं और न खुद करेगी।

न्यूज ब्रीफ

### गोपलपुरा आवासीय योजना में 497 आवासों के आवेदन की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर तक बढ़ी

बारां(वि.सं.)। राजस्थान आवासन मंडल द्वारा आमजन के व्यापक हितार्थ गोपालपुरा आवासीय योजना, बारां में विभिन्न आय वर्गों के लिए प्रस्तावित 497 आवासों की विशिष्ट पंजीकरण योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक आवेदक 16 अक्टूबर, 2026 तक योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवासन मंडल द्वारा पूर्व में योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 16 सितम्बर, 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बढ़ाकर 16 अक्टूबर, 2026 किया गया है। योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (EWS), निम्न आय वर्ग (LIG), मध्यम आय वर्ग-ए (MIG-A), मध्यम आय वर्ग-बी (MIG-B) एवं उच्च आय वर्ग (HIG) के कुल 497 आवास उपलब्ध हैं।

### 5 मतदान केन्द्रों पर 16 सितम्बर को पुनर्मतदान

जयपुर(नि.सं.)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नगर निगम जयपुर के वार्ड संख्या 09 के बूथ संख्या 111, वार्ड संख्या 18 के बूथ संख्या 235, वार्ड संख्या 25 के बूथ संख्या 343 तथा वार्ड संख्या 34 के बूथ संख्या 477 एवं 484 पर पुनर्मतदान (फ्रेश पोल) कराया जाएगा। इन मतदान केन्द्रों पर 16 सितम्बर, 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक पुनर्मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुनर्मतदान के लिए संबंधित मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पुनर्मतदान के दौरान पूर्व मतदान में लगाई गई अमिट स्याही के निशान की उपेक्षा की जाएगी तथा मतदाता के बाएं हाथ की मध्यमा अंगुली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी। पुनर्मतदान में नए मतपत्रों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित मतदान केन्द्रों पर पुनर्मतदान सम्पन्न होने के बाद 17 सितम्बर, 2026 को प्रातः 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ की जाएगी।

# पंजाब से सीखकर अपने राज्यों में भी नशा खत्म करे भाजपा : अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश में नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने भाजपा से पंजाब सरकार से सीख लेकर अपने शासित राज्यों में भी नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि पंजाब में अब पाकिस्तान की बजाय भाजपा शासित राज्यों से बड़ी मात्रा में नशे की सप्लाई पहुंच रही है। केजरीवाल के मुताबिक, वर्ष 2022 में जब पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी, उस समय करीब 80 फीसदी ड्रग्स पाकिस्तान से आने का दावा किया जाता था। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने एंटी-ड्रोन सिस्टम समेत कई कदम उठाकर सीमा पार से आने वाली ड्रग्स की सप्लाई पर काफी हद तक नियंत्रण किया है। उनके अनुसार, अब पाकिस्तान से आने वाली ड्रग्स का हिस्सा घटकर करीब 20 फीसदी रह गया है, जबकि लगभग 80 फीसदी नशा गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे भाजपा शासित या भाजपा के प्रभाव वाले राज्यों से पंजाब पहुंच रहा है। केजरीवाल ने विशेष रूप से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भारत में आने वाले नशे को रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। उनका आरोप है कि गुजरात के मुंद्रा पोर्ट के रास्ते देश में नशे की खेप पहुंच रही है और इसे रोकने में केंद्र सरकार नाकाम रही है।

कार से टक्कर मारने के मामला

# गुरुग्राम में लेडी बाइकर को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार: राजस्थान से पकड़ा गया



पलवल/ गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम में लेडी बाइकर को कार से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी कल्याण बैंसला को गिरफ्तार कर लिया है। उसे एक दोस्त लवनीश के साथ राजस्थान के दौसा से पकड़ा गया है। दौसा पुलिस ने इसकी पुष्टि की। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा क्व्हस 109 भी जोड़ी है। पहले सेक्टर-56 थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए क्व्हस 281 और चोट पहुंचाने के आरोप में क्व्हस 125 के तहत केस दर्ज किया गया था। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कार चलाने वाले कल्याण बैंसला के दो दोस्त निंदर और प्रमोद को हिरासत में लिया है। निंदर हादसे वाले दिन 13 सितंबर को कल्याण को पलवल से लेकर आया था, जबकि प्रमोद पर उसे गांव से भगाने का आरोप है। कार की टक्कर से सड़क पर गिरी लेडी बाइकर शिवानी चौहान उर्फ सिया दिल्ली की रहने वाली हैं। शिवानी ने फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया है। वह साल 2022 में,क्कके टिकट पर दिल्ली के कालकाजी से नगर निगम का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। शिवानी के पिता रोशन चौहान ने मीडिया को ये बातें बताईं। रोशन भी आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं।

लंपी रोग के प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम पर निगरानी के लिए प्रमुख शासन सचिव ने ली समीक्षा बैठक

# पशुपालकों को समय पर चिकित्सा एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के दिए निर्देश





जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में गोवंश को लंपी स्किन डिजीज से सुरक्षित रखने तथा इसकी प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री विकास सीतारामजी भाले की अध्यक्षता में सोमवार को पशुधन भवन स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश में लंपी रोग की वर्तमान स्थिति, टीकाकरण, उपचार व्यवस्था तथा घर-घर जाकर चलाए जा रहे सर्वेक्षण अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। भाले ने कहा कि मुख्यमंत्री इस समस्या के प्रति बहुत गंभीर हैं। उनके निर्देशानुसार लंपी रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विभाग भी पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ नवीन बी के साथ हुई चर्चा के दौरान डॉ नवीन ने भी राजस्थान में लंपी रोग के नियंत्रण और रोकथाम के लिए किए जा रहे सरकार के प्रयासों की सराहना की है। बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री भाले ने कहा कि जिला स्तर पर प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई एवं उच्च स्तर पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए और सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंपी रोग के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्ययोजना लागू करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो तथा पशुपालकों को समय पर चिकित्सा एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अप्रभावित जिलों पर विशेष फोकस: प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिलों में अभी तक लंपी के मामले सामने नहीं आए हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए ताकि संक्रमण का प्रसार न हो। डोर-टू-डोर सर्वेक्षण एवं सतत निगरानी: चिकित्सा अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर बीमार गोवंश की पहचान एवं सर्वेक्षण के निर्देश दे दिए गए हैं।



### पश्चिम बंगाल सरकार ने 4 जिलों में मिड-डे मील परोसने के लिए अक्षय पात्र फाउंडेशन की मंजूरी वापस ली

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल सरकार ने चार जिलों के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील परोसने के लिए अक्षय पात्र फाउंडेशन को दी गई मंजूरी वापस ले ली है। अक्षय पात्र फाउंडेशन इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस यानी इस्कॉन का एक हिस्सा है। जिन चार जिलों में पश्चिम बंगाल सरकार ने मंजूरी वापस ली है, वे उत्तर 24 परगना, हावड़ा, पुरुलिया और पूर्वी मिदनापुर हैं। पूर्वी मिदनापुर मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी का गृह जिला भी है। राज्य सचिवालय नबन्ना के एक अधिकारी ने बताया कि इस मंजूरी को वापस लेने के बाद, स्कूल परिसर के अंदर ही मिड-डे मील पकाने और परोसने की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू की जाएगी।



### CRPF कोबरा यूनिट की पहली महिला IG बनीं संजुक्ता

मेघालय(एजेंसी)। 2006 बैच की IPS अधिकारी संजुक्ता पाराशर को CRPF की कोबरा (CoBRA) यूनिट का IG नियुक्त किया गया। CoBRA का पूरा नाम कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन है।

वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। CRPF मुख्यालय ने पिछले हफ्ते उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया था। जानकारी आज सामने आई है। वह 1996 बैच के IPS अधिकारी दानेश राणा की जगह लेंगी। संजुक्ता पाराशर असम-मेघालय कैडर की IPS अधिकारी हैं। असम में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाने में उनकी अहम भूमिका रही थी। उन्हें असम की लेडी सिंघम भी कहा जाने लगा।

# एमएसजे कॉलेज में मनाया हिन्दी दिवस, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित



भरतपुर(वि.सं.)। भरतपुर महारानी श्री जया (एमएसजे) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में हिन्दी छात्र परिषद् के तत्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह अत्यंत उत्साह के साथ आयोजित किया गया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. चंद्रलोचन त्रिपाठी, प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय कुमार, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. डॉ. राजवीर सिंह शेखावत, विभाग प्रभारी प्रो. डॉ. नरेश चंद गोयल तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्रा चेतना सिसोदिया, क्षमा, लता और इन्द्रवती ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। हिन्दी ः कल, आज और कल विषय पर मुख्य वक्तव्य देते हुए प्रो. डॉ. चंद्रलोचन त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है, जो हमें जीवन-संस्कार देती है। यह माँ की लोरी से लेकर जीवन के हर भाव को समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि हिन्दी स्वतंत्रता आंदोलन की मुख्य संवाहक थी जिसने देश को आजादी दिलाई। आज राजनीतिक स्तर पर ही हिन्दी को राष्ट्रभाषा का पूर्ण स्थान दिलाया जा सकता है। इसके लिए जन-जन का समर्थन आवश्यक है।

नोटिफिकेशन जारी

600 रिक्त पदों को भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का एलान किया

# राजस्थान में मेडिकल आफिसर के पदों पर होगी भर्ती



जयपुर(नि.सं.)। जयपुर सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छा मौका है। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) की ओर से मेडिकल ऑफिसर (MO) के 600 रिक्त पदों को भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का एलान किया गया है। इस वैकेंसी के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 सितंबर से स्टार्ट कर दी गई है जो 13 अक्टूबर 2026 तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती में भाग लेने के लिए तय तिथियों में ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

**योग्यता एवं मापदंड:** इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का MBBS पास होना अनिवार्य है। इसके साथ ही लिखित परीक्षा की तिथि तक राजस्थान मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। 1 जनवरी 2027 को ध्यान में रखकर उम्मीदवार की न्यूनतम उम्र 22 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 साल से ज्यादा न हो। आरक्षित वर्ग को ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी गई है।

**एप्लीकेशन फीस:** इस भर्ती में शामिल होने के लिए जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को 5000 रुपये शुल्क के रूप में जमा करना होगा। राजस्थान राज्य के एससी/एसटी वर्ग के लिए एप्लीकेशन फीस 2500 निर्धारित है। शुल्क भुगतान ऑनलाइन किया जा सकता है।

**ऐसे भरें आवेदन:** आरयूएचएस एमओ एप्लीकेशन फॉर्म 2026 भरने के लिए वेबसाइट ruhsraj.org पर जाएं। होम पेज पर RUHS Medical Officer (Medical) 2026 Recruitment पर क्लिक करें। New Candidate में क्रिएट योर रजिस्ट्रेशन आईडी पर क्लिक करके पंजीकरण कर लें। इसके बाद साइन करके अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करें। कैटेगरी के अनुसार निर्धारित फीस जमा करें। अब फॉर्म को सबमिट करके एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

**चयन प्रक्रिया:** इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में शामिल होना होगा। रिटेन टेस्ट में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया में शामिल होना होगा।

भर्ती के माध्यम से मेडिकल ऑफिसर के 600 रिक्त पदों को भरा जायेगा। कैटेगरी के अनुसार अनारक्षित वर्ग के लिए 216, ईडब्ल्यूएस के लिए 60, पिछड़ा वर्ग (क्व्रष्ट) के लिए 126, एससी के लिए 96, एसटी के लिए 72 और एमबीसी के लिए 30 पद आरक्षित हैं।

# भाजपा नेता मिथुन ने शुरू की 'बंगाल फुटबॉल एकेडमी' बनाने की पहल



**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मिथुन चक्रवर्ती ने 'बंगाल फुटबॉल एकेडमी' बनाने की पहल फिर से शुरू की है, जिसकी कोशिश करीब 15 साल से जारी है। सोमवार को उन्होंने न्यू टाउन में पूर्व फुटबॉलर्स के साथ एकेडमी की योजना पर चर्चा की। मिथुन चक्रवर्ती की योजना प्रत्येक जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लाना है। वह पहाड़ी इलाकों पर भी फोकस करेंगे। उनकी योजना शुरुआत में 60 फुटबॉलर्स के साथ एकेडमी शुरू करना है। इसके साथ ही दिग्गज अभिनेता मिथुन ने एकेडमी के वित्तीय योजना के बारे में भी बताया। मीडिया के साथ बातचीत में मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, 'बीते 15 वर्षों से कुछ हुआ नहीं, क्योंकि मैं शामिल था। मेरा नाम आते ही सब कुछ बैन कर दिया गया। कोई मैदान, कोई फील्ड कुछ नहीं दिया गया... बोल के भी नहीं दिया। इसलिए 15 साल से ये ठप्प पड़ा हुआ था, लेकिन हम लोगों ने एक करोड़ रुपए जमा करके रखे हैं, जो अभी भी बैंक में हैं। अभी इस एकेडमी को चलाने के लिए, इसको ताकत देने के लिए और दो-तीन करोड़ रुपए मैं चंदे से जुटाउंगा, ताकि बंगाल फुटबॉल एकेडमी अच्छी तरह से चल सके।' उन्होंने कहा, 'हम लोग अभी डिस्ट्रिक्ट में लोगों को भेजेंगे। सब जगह से अच्छे खिलाड़ियों को चुनेंगे।

हम 60 खिलाड़ियों को चुनेंगे, जिसमें से आदिवासी खिलाड़ियों पर मेरी ज्यादा नजर है। पहाड़ी इलाकों में, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग ये सब जगह हिल्स एरिया में जो लड़के अच्छा खेलते हैं, उनके ऊपर मेरी ज्यादा नजर है। हमने चार-पांच ग्राउंड सोच रखे हैं। टेंडर के जरिए हमें जो मिलेगा, हम उसी में काम करेंगे।'

# चेक गणराज्य फुटबॉल टीम के पूर्व गोलकीपर लुडेक मिकलोस्को का निधन

**नई दिल्ली।** वेस्ट हैम, क्यूपीआर और चेक गणराज्य फुटबॉल टीम के पूर्व गोलकीपर लुडेक मिकलोस्को का लंबी और गंभीर बीमारी से जूझने के बाद 64 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मिकलोस्को वेस्ट हैम फुटबॉल क्लब के दिग्गज खिलाड़ी थे। उन्होंने इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब के लिए 300 से ज्यादा मैच खेले। 2021 में उन्हें कैंसर का पता चला था और दिसंबर 2024 में उन्होंने इलाज बंद कर दिया था। वेस्ट हैम ने मिकलोस्को को श्रद्धांजलि दी, जिन्हें 1990-91 में क्लब का 'हैमर ऑफ द ईयर' चुना गया था। वेस्ट हैम ने एक बयान में कहा, 'बहुत गहरे दुख के साथ वेस्ट हैम यूनाइटेड



दिग्गज पूर्व गोलकीपर और कोच लुडेक मिकलोस्को के निधन की घोषणा करता है। लुडेक, आप शांति से सोएं; आप हमारे प्यारे, प्रेरणादायक गोलकीपर और एक नेक और बड़े दिल वाले इंसान थे।' वहीं, उनके बेटे मार्टिन मिकलोस्को ने वेस्ट हैम के प्रति अपने पिता के प्यार का जिक्र किया। मार्टिन ने कहा, 'कैंसर से बहादुरी और हिम्मत के साथ लड़ने के बाद मेरे पिता लुडेक के निधन की खबर देते हुए हमारा दिल टूट गया है। डैड को वेस्ट हैम यूनाइटेड से बहुत प्यार था, और उन्हें खास तौर पर हर मैच में अपना नाम जोर-शोर और गर्व के साथ गाए जाते हुए सुनना बहुत पसंद था। क्लब और उसके प्रशंसक हमारे परिवार का हिस्सा थे और हमेशा रहेंगे, इसलिए आप सभी का दिल से शुक्रिया।'

## संक्षिप्त समाचार

**एटीपी रैंकिंग**

### जोकोविच सात पायदान नीचे खिसके, 24 साल बाद पहली बार 'टॉप 10' से 'बिग 3' नदारद

**नई दिल्ली।** यूएस ओपन के पहले ही राउंड में नोवाक जोकोविच को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में वह 'टॉप 10 से बाहर होकर 12वें स्थान पर खिसक गए। जोकोविच को पहले ही राउंड में अर्जेंटीना के मारियानो नावोन के हाथों शिकस्त मिली थी। अक्टूबर 2002 के बाद ऐसा पहली बार



है, जब 'बिग थ्री' (जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर) में से कोई भी एटीपी रैंकिंग के 'टॉप-10' में शामिल नहीं है। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता फेडरर ने साल 2022 में संन्यास लिया था, जबकि 22 बार के मेजर विजेता नडाल ने 2024 में खेल को अलविदा कह दिया था। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच 39 साल की उम्र में भी खेल रहे हैं और उन्हें अपने 25वें मेजर खिताब की उम्मीद है, जिससे वे मार्गरेट कोर्ट के 24 खिताबों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। हालांकि, 25वें खिताब की उनकी हालिया कोशिश तब खत्म हो गई जब मारियानो नावोन के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें शारीरिक परेशानी और उल्टी हुई। न्यूयॉर्क में हार के बाद जोकोविच ने कहा, 'मुझे अतीत की सभी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है, लेकिन अब जो है, सो है। यह स्पष्ट था कि कोर्ट पर मुझे बहुत खराब महसूस हो रहा था।

### विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनीं रिबाकिना, खत्म की सबालेंका की बादशाहत

**नई दिल्ली।** सोमवार को जारी साप्ताहिक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बेलारूस की एरीना सबालेंका से आगे निकलने के बाद एलेना रिबाकिना आधिकारिक तौर पर विश्व की नई नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। हाल ही में खत्म हुए यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में किनवेन झेंग को हराने के बाद ही रिबाकिना का टॉप स्पॉट पक्का हो गया था। कजाकिस्तान की स्टार खिलाड़ी ने फाइनल में सबालेंका को हराकर इस टूर्नामेंट का समापन किया। रिबाकिना सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 1 बनने वाली कजाकिस्तान की पहली (पुरुष या



महिला) खिलाड़ी बन गई हैं। पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन के कारण वह सबालेंका के काफी करीब बनी रहीं, जबकि बेलारूसी टेनिस स्टार का फॉर्म सीजन के बीच में थोड़ा गिर गया था। जहां सीजन के बीच में सबालेंका की लय बिगड़ी, वहीं रिबाकिना पिछले साल के आखिर से ही टॉप पर पहुंचने की ओर बढ़ रही थीं। उन्होंने इस साल सीजन के बीच में नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट स्विंग पर शानदार प्रदर्शन किया और उसके बाद 'बिग एप्पल' (न्यूयॉर्क) में भी सफलता हासिल की। नंबर 1 पोजीशन पक्का होने पर रिबाकिना ने प्रतिक्रिया दी थी। डब्ल्यूटीए के अनुसार, रिबाकिना ने कहा, 'यह इतिहास है, और मुझे कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं प्रोफेशनल बनूंगी या इतने बड़े मंचों पर इस तरह के टूर्नामेंट खेलूंगी।'

# ज्वेरेव ने जीता यूएस ओपन


## फाइनल में बेन शेल्टन को दी शिकस्त

**न्यूयॉर्क।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने यूएस ओपन 2026 के पुरुष सिंगल्स फाइनल में अमेरिकी बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2 से हराकर अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब और साल का दूसरा मेजर खिताब जीता। तीन घंटे 33 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद ज्वेरेव ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। अब वह सिनर से 700 अंक आगे हैं। यह रैंकिंग बताती है कि साल के अंत में एटीपी का नंबर एक खिलाड़ी कौन बनेगा। ज्वेरेव अपना छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल और इस साल का तीसरा फाइनल खेल रहे थे, जबकि शेल्टन अपने करियर में पहले कभी इस स्टेज तक नहीं पहुंचे थे। जर्मनी के स्टार खिलाड़ी ज्वेरेव इस साल शानदार फॉर्म में रहे हैं। मेजर टूर्नामेंट्स में उनका रिकॉर्ड 25 जीत और सिर्फ 2 हार का रहा है। उन्होंने इस साल केवल दो खिताब जीते हैं, लेकिन दोनों ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियां हैं। इसी वजह से वे साल के अंत में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी बनने की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। अपनी जीत के बाद ज्वेरेव ने अपनी मां को खास तौर पर याद किया और बताया कि ग्रैंड स्लैम न जीत पाना उनके सामने आई सबसे बड़ी मुश्किल नहीं थी। ज्वेरेव ने कहा, 'जब आपके 4 साल के बेटे को डायबिटीज का पता चलता है और डॉक्टर आपको बताते हैं कि उस बच्चे की जिंदगी और खेल बहुत सीमित हो जाएंगे, तो उन डॉक्टरों के केबिन से बाहर निकलकर यह कहना कि 'मेरा बेटा जो चाहेगा, वही बनेगा' – इसके लिए एक बहुत ही मजबूत मां की जरूरत होती है।'



उन्होंने आगे कहा, 'अगर वह टेनिस खिलाड़ी बनना चाहता है, तो वह टेनिस खिलाड़ी बनेगा। अगर वह कुछ और करना चाहता है, तो वह कुछ और करेगा। मगर यह बीमारी हमारी पहचान तय नहीं करेगी। मुझे खुशी है कि हमने इससे मिलकर मुकाबला किया, और हम अभी जो कुछ भी कर रहे हैं, वह कर पा रहे हैं।'

शेल्टन 23 साल पहले यूएस ओपन में एंडी रॉडिक के बाद मेजर खिताब जीतने वाले पहले अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, वह नंबर 1 सीड खिलाड़ी को नहीं हरा पाए। यह अमेरिकी खिलाड़ी 1975 में आर्थर ऐश के बाद इस स्तर पर जीत हासिल करने वाले दूसरे अफ्रीकी-अमेरिकी पुरुष बनने की कोशिश कर रहे थे। अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में हार के बावजूद 23 वर्षीय शेल्टन का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज को हराया था। इस शानदार अभियान के दम पर वह एटीपी रैंकिंग में अपने करियर की सबसे बेहतरीन चौथी रैंकिंग पर पहुंच जाएंगे।



# धीरज बोम्मादेवरा ने रचा इतिहास

## तीरंदाजी विश्व कप फाइनल जीतने वाले बने पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी



**साल्टिलो (मेक्सिको)।** जयंत तालुकदार के विश्व कप फाइनल में पदक जीतने के 16 साल बाद भारत को पुरुष रिकर्व वर्ग में फिर से बड़ी सफलता मिली है। धीरज बोम्मादेवरा ने बेहद दबाव भरे शूट-ऑफ में शानदार संयम दिखाते हुए जीत हासिल की। इसके साथ ही वह तीरंदाजी विश्व कप फाइनल का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए हैं। दुनिया के नंबर 10 तीरंदाज और सेना के 25 वर्षीय खिलाड़ी धीरज ने साल्टिलो में हुए रोमांचक फाइनल में जापान के नाकानिशी जुन्या को 6-5 से हराया। पांच सेट के बाद मुकाबला 5-5 से बराबरी पर था, जिसके बाद शूट-ऑफ में धीरज ने 10 का स्कोर किया, जबकि नाकानिशी ने 9 का स्कोर किया और धीरज ने गोल्ड मेडल अपने नाम करने में सफल रहे।

यह सफलता धीरज के लिए और भी खास रही, क्योंकि पिछले दो तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में वह पदक नहीं जीत पाए थे। 2023 और 2024 में उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा था। हालांकि, इस बार उन्होंने नॉकआउट मुकाबलों में शानदार खेल दिखाया और फाइनल में दुनिया के 20वें नंबर के तीरंदाज नाकानिशी का सामना किया।

फाइनल में कोई भी तीरंदाज हार मानने को तैयार नहीं था। पांच सेटों में स्कोर 28-28, 28-29, 29-28, 28-30 और 28-27 रहा, जिससे गोल्ड मेडल का फैसला बहुत कम अंतर से हुआ। धीरज की जीत ने इस प्रतिष्ठित सीजन-एंडिंग इवेंट में भारत का रिकॉर्ड भी बदल दिया। तालुकदार ने पहले 2010 में एडिनबर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत से अब तक कोई भी भारतीय पुरुष गोल्ड मेडल नहीं जीत पाया था।

भारत की एकमात्र अन्य व्यक्तिगत विश्व कप फाइनल चैंपियन डोला बनर्जी हैं, जिन्होंने 2007 में दुबई में महिलाओं का खिताब जीता था।

# विमेंस एशिया कप के साथ भारत ने 'एशियन गेम्स' के लिए भी बेहतरीन तैयारी की: देवजीत सैकिया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए 'विमेंस एशिया कप 2026' के फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से रौंदकर रिकॉर्ड 8वीं बार खिताब जीता। 'विमेन इन ब्लू' के प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष देवजीत सैकिया बहुत खुश हैं। उनका मानना है कि इस टूर्नामेंट के साथ भारत ने एशियन गेम्स की शानदार तैयारी की है। सैकिया ने सोमवार को पत्रकारों से कहा, 'भारतीय महिला टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत के सभी मैच एकतरफा रहे हैं। एशिया कप के साथ भारतीय टीम ने एशियन गेम्स 2026 के लिए भी बेहतरीन तैयारी की है। मैं टीम और सपोर्ट स्टाफ को बधाई देता हूं। हमारी यही कोशिश रहेगी कि जीत के इस सिलसिले को जापान (एशियन गेम्स) तक ले जाएं।' सैकिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सफलता का श्रेय बोर्ड के पूर्व सचिव जय शाह को देते हुए कहा, 'जय शाह ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा दिया है।



# खिताबी जीत के बाद क्रांति गौड़ पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

**दुबई।** भारत ने रविवार को श्रीलंका के खिलाफ विमेंस एशिया कप 2026 का फाइनल 72 रन से अपने नाम किया, लेकिन इस जीत के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सोमवार को बताया कि क्रांति गौड़ ने खिलाड़ियों की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन किया है, जिसमें ऐसी भाषा, हरकत या इशारे शामिल हैं जो किसी बल्लेबाज के आउट होने पर उनका अपमान करते हैं या आक्रामक प्रतिक्रिया भड़का सकते हैं। यह घटना श्रीलंका की पारी के शुरुआती ओवर की है, जब क्रांति ने ओपनर इमेशा दुलानी को बोल्ड करने के बाद पवेलियन की ओर इशारा किया। मैच फीस में कटौती के अलावा, क्रांति के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया। यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था।

क्रांति पर यह आरोप ऑन-फील्ड अंपायर सलीमा इम्तियाज और शथिरा जाकिर जेसी ने आरोप लगाए थे। इसमें थर्ड अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथे अंपायर हुमैरा फराह भी शामिल थीं, जिसके बाद आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रेफरी सुप्रिया रानी दास ने यह सजा दी।

क्रांति ने आरोप स्वीकारते करते हुए सजा मान ली, जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। आईसीसी के नियमों के तहत, लेवल 1 के अपराधों के लिए खिलाड़ी की मैच फीस का अधिकतम 50 प्रतिशत जुर्माना और दो तक डिमेरिट प्वाइंट्स दिए जा सकते हैं।



एक अलग फैसले में, शुक्रवार को श्रीलंका के हाथों सेमीफाइनल में हार के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखने के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, क्योंकि समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद भी वे अपने लक्ष्य से एक ओवर पीछे पाए गए। आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत, अगर कोई टीम तय समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाती, तो खिलाड़ियों की मैच फीस का 5 प्रतिशत हिस्सा हर ओवर के लिए काट लिया जाता है। पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने अपनी गलती मानते हुए सजा स्वीकार कर ली है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com